दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



लाइफ स्टाइल....



सावन में ट्राई करें चुनिंदा ........

वर्ष : 10 | अंक : 224 | लखनऊ, 24 जुलाई, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# बजट 2024 देश के 140 करोड़ लोगों को समर्पित : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह समावेशी, विकासोन्मुख और देश के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने एक बयान में कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे और मध्यम वर्ग के लिए बजट में घोषित आयकर के नए टैक्स स्लैब स्वागतयोग्य हैं। यह बजट एक वित्तीय दस्तावेज है जो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और दुनिया के लिए विकास इंजन बनने की दिशा में एक कदम है।

योगी ने कहा कि यह बजट देश के 140 करोड़ लोगों को समर्पित है। मैं पीएम मोदी के साथ-साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि आम बजट 2024-25 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की पावन भावना, विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि है। इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचित को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्राविधानों की घोषणा स्वागत योग्य है।

मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज जो बजट प्रस्तुत किया गया है, उसमें महंगाई दर को कम करने की भावना परिलक्षित होती है। सरकार की 9 सूत्रीय योजनाएं कृषि उत्पादकता, रोजगार व कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक व समावेशी विकास और सामाजिक न्याय पर यह बजट केंद्रित है। विकसित भारत में ही विकसित मध्यप्रदेश की भावना छिपी है, मैं इस बजट के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान पर केन्द्रित है। नयी टैक्स रिजीम में स्टैण्डर्ड डिडक्शन को 50 हजार से 75000 रुपये, मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने तथा 30 लाख युवाओं के कौशल विकास के लिए 2 लाख करोड़ के पैकेज करने का निर्णय ऐतिहासिक है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट बताया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट...प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किये गए केंद्रीय बजट को (मैंने) मुख्यमंत्री कार्यालय में सुना। यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना, अंत्योदय के प्रति दृढ़ संकल्प, एवं नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है।

असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि निर्मला सीतारमण जी और उनकी टीम को एक ऐसा बजट पेश करने के लिए धन्यवाद, जो भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए एक ठोस रोड मैप तैयार करता है और हमारी अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने का प्रयास करता है, जैसा कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की है।

# निर्मला सीतारमण ने इतिहास रचते हुए लगातार 7वां केंद्रीय बजट किया पेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, निर्मला सीतारमण ने इतिहास रचते हुए लगातार 7वां केंद्रीय बजट संसद में पेश किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि शानदार रही। वित्त मंत्री सीतारमण भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला केंद्रीय बजट पेश कर रही हैं। सीतारमण देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं और उन्होंने जुलाई 2019 से अब तक पांच पूर्ण बजट और 1 फरवरी, 2024 को अंतरिम बजट पेश किया है। निर्मला सीतारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने कुल छह केंद्रीय बजट पेश किए थे।

लोकसभा में अपने बजट संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत और आशाजनक बनी हुई है। उनकी टिप्पणियों ने रणनीतिक नीतियों और बजटीय उपायों के माध्यम से आर्थिक गति को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले संसद पहुंचे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किए जाने के लिए मंच तैयार किए जाने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री की मौजूदगी बजट पेश किए जाने के महत्व को रेखांकित करती है, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सरकार की वित्तीय रणनीति और प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जाएगा। यह बजट मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन की झलक पेश करेगा तथा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का रोडमैप भी प्रस्तुत करेगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,077/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 75,410.39 |
| निफटी | 22,957.10 |

# निपाह से मरने वाले के करीबियों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है: केरल की स्वास्थ्य मंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मलप्पुरम (केरल)। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि निपाह से मरने वाले 14 वर्षीय लड़के के करीबी रिश्तेदारों और उसके सीधे संपर्क में आए अन्य लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार निपाह प्रभावित के संपर्क सूची में उच्च जोखिम वाली श्रेणी में शामिल पांच लोगों सहित उन्नीस लोगों का परीक्षण किया गया और उनकी रिपोर्ट आज जारी की जाएगी। मलप्पुरम में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मंत्री जॉर्ज ने कहा कि यह राहत की बात है कि उनके करीबी रिश्तेदार और उनके संपर्क में आए अन्य लोगों का निपाह परीक्षण नेगेटिव आया है। गौरतलब है कि मल्लपुरम में ही निपाह के कारण किशोर की मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगाए गए प्रतिबंध हालांकि जारी रहेंगे और उन्हें अभी नहीं हटाया जा सकता है। मंत्री ने लोगों से सतर्क रहने और सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने का आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग ने 406 लोगों की संपर्क सूची तैयार की है जिनमें से 194 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। निपाह संक्रमण के कारण उपचाराधीन मलप्पुरम निवासी 14 वर्षीय किशोर की रविवार सुबह मौत हो गई थी।

# गांव, गरीब, किसान को समर्पित बजट

## शिक्षा और स्किल को मिलेगा बढ़ावा, रोजगार का होगा सृजन : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह गांव, गरीब और किसानों को समर्पित है। उन्होंने बजट के बाद अपने संबोधन में कहा कि देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने वाले इस महत्वपूर्ण बजट के लिए मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। वित्त मंत्री निमार्ला सितारमण व उनकी पूरी टीम बहुत-बहुत बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्यम वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है। ये नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट हमारे समाज के हर वर्ग का उत्थान और सशक्तिकरण करेगा, जिससे सभी के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। यह बजट नये मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के लिए है। इस बजट से युवाओं को असीमित अवसर मिलेंगे। इस बजट से शिक्षा और



कौशल को नया पैमाना मिलेगा। यह बजट नए मध्यम वर्ग को ताकत देगा...इस बजट से महिलाओं, छोटे कारोबारियों, एमएसएमई को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। ये मीडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। ये जनजातीय समाज, दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट से छोटे व्यापारियों, टरटएर को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। बजट में मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस है। इससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने 'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' की घोषणा की है। इससे रोजगार के कई अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत, सरकार उन लोगों को पहला वेतन देगी जो कार्यबल में नए प्रवेश कर रहे हैं। अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के तहत गांवों के युवा देश की शीर्ष कंपनियों में काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर शहर, हर गांव, हर घर 'ल्लिश्ीस्त्रशील्ली४१ बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

## 'दिशाहीन, जनविरोधी, कोई विजन नहीं, सिर्फ राजनीतिक मिशन है', मोदी सरकार के बजट पर भड़कीं ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 को राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी करार दिया और राज्य को वंचित करने के लिए केंद्र की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताया कि पश्चिम बंगाल ने क्या गलती की है कि उसे केंद्र द्वारा वंचित किया गया है। बजट को लेकर ममता ने एक बयान में कहा कि यह दिशाहीन, जनविरोधी, कोई विजन नहीं, सिर्फ राजनीतिक मिशन है। मुझे कोई रोशनी नहीं दिखती, अंधेरा है।

ममता ने कहा कि वे चुनाव के दौरान बड़े-बड़े दावे और वादे करते हैं। लेकिन वोट मिलने के बाद वे दार्जिलिंग, कलिम्पोंग को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग की पहाड़ियों के लोगों को यह याद रखना चाहिए। सिक्किम को चीजें मिलने दीजिए, हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन दार्जिलिंग को वंचित रखना ठीक नहीं है। यह बजट जनविरोधी है, गरीब विरोधी है और आम लोगों के लिए नहीं है।' यह एक पार्टी को खुश करने वाला बजट है। यह राजनीतिक पूर्वाग्रहों से भरा बजट है। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि मैं इसे छेड़छाड़ वाला बजट कहता हूं...प्रमुख समस्याएं - 9.2% पर बेरोजगारी और 5% पर मुद्रास्फीति - का बिल्कुल भी समाधान नहीं किया गया है। राज्यों को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आंध्र प्रदेश और बिहार को फायदा हुआ। यह बिल्कुल भी अच्छा बजट नहीं है। उन्होंने बुनियादी ढांचे में सब कुछ निवेश किया है, जिसे आकार लेने में काफी समय लगेगा।

# मोदी 3.0 के पहले बजट को राहुल गांधी ने बताया कुर्सी बचाओ बजट

ये देश के विकास के लिए नहीं : खड़गे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भाजपा के सहयोगियों और क्रोनीज को खुश करना है। कांग्रेस नेता ने दस्तावेज को कुर्सी बचाओ बजट बताया और आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र से नकल किया गया था। राहुल ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि कुर्सी बचाओ बजट। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, सहयोगियों को खुश करने के लिए अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किए गए। अपने मित्रों को खुश किया गया, एए को लाभ दिया गया, लेकिन आम भारतीय को कोई राहत नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले कुछ बजट का कॉपी-पेस्ट किया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह बजट सिर्फ दो लोगों के लिए है...वे (भाजपा सरकार) बहुत सारे वादे करते हैं लेकिन कुछ नहीं होता। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह नकलची बजट है जिसमें सरकार कांग्रेस के न्याय के एजेंडे की ठीक तरह से नकल नहीं कर पाई है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट ! मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बांट रहा है, ताकि राजग बची रहे। यह देश की तरक्की का बजट नहीं, मोदी सरकार बचाओ बजट है। उन्होंने कहा कि 10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुईं हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं।

# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने सूचना प्रौद्योगिकी नीति में संशोधन को मंजूरी दी, रियायतों की घोषणा की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



भोपाल। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे राज्य में अपना कारोबार स्थापित करने वाली कंपनियों को कई लाभ मिलेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मध्यप्रदेश आईटी, आईटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं) और ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण) निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी गई। एक अधिकारी ने बताया, मंत्रिमंडल ने राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एमपी आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी है। संशोधनों के अनुसार, पात्र निवेशक इकाइयों को एकल खिड़की मंजूरी, पूंजीगत व्यय और किराया सहायता, सस्ती दरों पर भूमि, स्टांप शुल्क छूट, विपणन और गुणवत्ता नियंत्रण सहायता जैसे लाभ मिलेंगे। अधिकारी ने बताया कि नीति के क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। राज्य के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए यह नीति लाई गई है। उन्होंने कहा, हमने देश के विभिन्न राज्यों की आईटी नीतियों का अध्ययन किया और निवेश आकर्षित करने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए मध्यप्रदेश के लिए इसे विकसित किया। हम आईटी क्षेत्र में और अधिक निवेश चाहते हैं।

# इसरो ने किया एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का सफल परीक्षण

आरएच–560 साउंडिंग रॉकेट का किया गया इस्तेमाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करते हुए दूसरी प्रायोगिक उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 07:00 बजे आयोजित परीक्षण, भारत की अंतरिक्ष प्रणोदन क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रयोग में लागत प्रभावी उड़ान परीक्षण के रूप में इसरो के आरएच-560 साउंडिंग रॉकेट का उपयोग किया गया, जो इसके साउंडिंग रॉकेट परिवार में सबसे भारी है। एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन सिस्टम को रॉकेट के दोनों ओर सममित रूप से लगाया गया था, जो उन्नत प्रौद्योगिकियों के परीक्षण के लिए इसरो के अभिनव दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है।

उड़ान के दौरान, प्रणोदन प्रणाली के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए लगभग 110 मापदंडों की बारीकी से निगरानी की गई। परीक्षण ने साउंडिंग रॉकेट का संतोषजनक प्रदर्शन हासिल किया और एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक प्रज्वलित किया, जिससे इस अत्याधुनिक तकनीक में भविष्य के विकास के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान किया गया। यह प्रायोगिक उड़ान विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) और इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) सहित विभिन्न इसरो केंद्रों पर किए गए व्यापक जमीनी परीक्षणों पर आधारित है। बेंगलुरु में सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (सीएसआईआर-एनएएल) के साथ सहयोग इस तकनीक को विकसित करने में अपनाए गए व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का सफल प्रदर्शन इसरो की क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। इस तकनीक में वाहनों को ऑक्सीडाइजर के रूप में वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपयोग करने की अनुमति देकर अंतरिक्ष यात्रा में क्रांति लाने की क्षमता है, जिससे संभावित रूप से प्रणोदन प्रणाली के समग्र वजन को कम किया जा सकता है और पेलोड क्षमता में वृद्धि हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर के बट्टल सेक्टर में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक जवान घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, साल 2024 में जब से लोकसभा चुनावों के लिए जम्मू-कश्मीर में मतदान हुए है और वहां लोगों ने मतदान प्रक्रिया में दिलखोल कर भाग लिया है तब से आतंकियों के होश उड़ गये हैं। आतंकियों का एक समय में गढ़ माना जाने वाला कश्मीर अब आतंक के विरोध में हैं लेकिन यह बाद आतंकवादियों और पड़ोसी देश को पच नहीं रही है। वह बौखला गये हैं। पिछले काफी समय से आतंकवादी काफी ज्यादा कश्मीर में एक्टिव होकर भारतीय सेना के जवानों को टारगेट कर रहे हैं। अभी हाल ही में लगातार हुई आतंकियों से मुठभेड़ में भारत ने अपने कई वीरो को खो दिया है। इसके बाद अब सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक बयान में कहा कि गोलीबारी सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को हुई और जवाबी कार्रवाई अभी जारी है। ताजा मुठभेड़ पुंछ जिले के बट्टल सेक्टर में हुई। सैन्य इकाई ने ट्वीट किया, सतर्क सैनिकों ने सुबह तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों पर प्रभावी गोलीबारी करके घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। भारी गोलीबारी के दौरान एक बहादुर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है। सोमवार की सुबह जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना की एक चौकी और एक विलेज डिफेंस ग्रुप (वीडीजी) के घर पर हुए दोहरे आतंकी हमलों को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया, जिसमें एक जवान और एक नागरिक घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि पूरे दिन आतंकवादियों के साथ रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद सेना, पुलिस, सीआरपीएफ और वीडीजी की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। सूत्रों के अनुसार, सेना के शिविर पर करीब तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमला किया था और यह वीडीजी सदस्य के आवास के पास स्थित था, जिन्हें हाल ही में 2023 में उसी क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान में उनकी भूमिका के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने सबसे पहले खवास तहसील के गुंडा इलाके में वीडीजी सदस्य के घर पर गोलीबारी की और जब सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की तो उन्होंने ग्रेनेड फेंके। सुबह करीब 4 बजे आतंकवादियों ने क्षेत्र में एक नई स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिससे फिर से गोलीबारी शुरू हो गई। घायल सैनिक और नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कथित तौर पर एक आतंकवादी मारा गया है, लेकिन शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है।

# संक्षेप

## चोरी गई बाइक हुई बरामद, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। निर्मल नगर निवासी राहुल शुक्ला ने बताया कि रविवार को उसकी बाइक चोरी हो गई थी। वह अपनी बाइक को ढूंढ रहा था, तभी सोमवार को धोबी पुलिया के पास रविदास नगर निवासी सोहित और श्रीनगर निवासी सूरज उसकी बाइक से जाते दिखे। जिस पर उसने दोनों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। वहीं राहुल की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की है।

## गंगा में उतराता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। जाजमऊ स्थित चंदन घाट पर मंगलवार सुबह करीब सात बजे एक 32 वर्षीय अज्ञात युवक का शव गंगा में उतरा रहा था, जिसकी जानकारी साईपुरम निवासी विक्रम ने जाजमऊ चौकी पुलिस को दी। शव मिलने की सूचना पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और जांच पड़ताल की। जिसके बाद आस पास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि तट पर मिले कपड़े और मोबाइल के आधार पर मृतक की पहचान कराई गई। मृतक अचलगंज थाना क्षेत्र के बदरका चौकी के गड़सर निवासी सुरेश का 32 वर्षीय बेटा अंकित पासी था। उसके परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पीएम के लिये भिजवाया गया है।

## जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। खेत मे धान की बेढ़ लगा रहे किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया, हालत बिगड़ने पर घर गया जहां पर उसकी मौत हो गई, पत्नी चीख पड़ी और परिजनों मे कोहराम मच गया। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। औरास थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी पृथ्वी पाल 34 वर्ष पुत्र जोधा प्रसाद सोमवार को सुबह खेत मे धान की बेढ़ लगा रहा था कि इतने मे दुबक कर बैठे जहरीले कीड़े ने पैर मे काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी, और नशा चढ़ने लगा घबरा कर अपने घर जाकर लेट गया, कुछ देर बाद उसके मुँह से झाग निकलने लगा और उसकी मौत हो गयी, अपने पति कि हुई मौत देख पत्नी आशा चीख पड़ी, और परिजनों मे कोहराम मच गया। भाई शिवबरन कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंगल वार को सुबह शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर शव परीक्षण के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया दिवंगत चार भाईयों में सबसे छोटा था, जिसके सिर्फ एक बेटा है आयुष (3) व बेटे की मौत से माँ सुधा देवी रोरोकर बेहाल है। मोहल्ले वासियो में शोक की लहर है वही इस संबंध में थाना प्रभारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# जाने कैसे ग्राम सभा का नाम पड़ा दोस्तपुर शिवली

अमन लेखनी समाचार

गिरीश चंद्र त्रिपाठी



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के दोस्तपुर शिवली गांव का नाम दोस्तपुर शिवली गांव कैसे पड़ा। इस बारे में इस गांव के बुजुर्ग बताते कि मेरे पूर्वज बताया करते थे कि एक राजा ने 1643 में यह गांव बसाया था उनका नाम राजा सोलीयर्धन था। वह राजा बहुत ही धार्मिक उदारवादी थे। वह शत्रुओं से ज्यादा समय तक शत्रुता नहीं रख पाते थे और उन्हें बहुत ही जल्दी - अपना दोस्त मान लेते थे। इस लिए गांव का नाम दोस्तपुर पड़ा।

उस राजा के राज्य में जनता बहुत ही खुश रहती थी। राजा के गुरु गिरिधर जी महाराज ने गांव का नाम दोस्तपुर सोलीय रखा था। कुछ समय बाद इस गाव को दोस्तपुर सोली के नाम से जाना जानें लगा। क्यों कि गांव में शुअर प्रजाति के पशु अधिक पाले जाते थे आज भी गूगल मैप पर दोस्तपुर सोली लिखा हुआ है।

इस गांव में एक जगह है गढ़ी उस जगह पर राजा का बहुत बड़ा सा महल था जहां राज दरबार लगा करता था। उसी जगह में वर्तमान समय में ज्योतिषाचार्य रघुनाथ प्रसाद शास्त्री रहते हैं। यहाँ पर आज भी उस समय की इमारत की कुछ टुकड़े मिलते हैं। गांव के बुजुर्ग अवकाश प्राप्त शिक्षक देशराज सिंह बताया करते थे कि जिस समय मेरे पूर्वजो नें यहाँ आकर अपना निवास बनाया था उस समय जमीदार तख्त सिंह का बर्चस्व था। तख्त सिंह के 6 पुत्र बाबू सिंह, शंकर सिंह, हरदेव सिंह, ड्ट भगवान बक्स, गयाबक्स सिंह, राजपाल सिंह थे। प्रधान पवन कुमार पाल ने बताया की इस ग्राम पंचायत की लगभग दो हजार आबादी है। क्षेत्रफल लगभग 800 बीघे है। जिसमें लगभग 70 बीघे चारागाह भी शामिल है और गांव में 4 तालाब भी हैं। जिसमें एक सरकारी धन से बनाया गया है। गाँव के सबसे बुजुर्ग मथुरा प्रसाद राठौर ने बताया कि सबसे पहले 1952-53 में ग्राम प्रधान का चुनाव हुआ था जिसमे गांव के अन्नतू पाल पुत्र जोधा और पूर्व जिमीदर के सुपुत्र भगवान बक्स सिंह चुनाव लड़े थे और वह चुनाव अन्नतू पाल जीते थे जो लगभग 25 वर्ष तक प्रधान रहे। उसके बाद लाऊ पुत्र रामलाल प्रधान बने। 1988-89 में जब चुनाव हुए तो मुलई पुत्र टिककन प्रधान बनें। गाव में वर्ष 2003 में हुए एक सामूहिक नरसंहार में मुलई प्रधान जेल चले गए। इसके बाद मंगली पाल पुत्र भगवानदीन पाल 2008 तक प्रधान रहे। 28 अगस्त 2005 से दिसंबर 2015 तक पवन कुमार पाल पुत्र छोटेलाल प्रधान रहे। दिसम्बर में चुनाव हुये चुनाव में प्रधान पद अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण पवन कुमार पाल चुनाव नहीं लड़ सके। 13 दिसंबर 2015 को पुनः मुलई प्रधान बन गए।

गांव के एक बुजुर्ग गंगा शंकर बताया करते थे कि मेरे बचपन में गावँ को दोस्तपुर सोली ही कहा जाता था लेकिन लगभग 30 वर्षों से दोस्तपुर शिवली कहा जाने लगा। वर्तमान प्रधान पवन पाल ने बताया कि यह गांव लगभग दो वर्ग किलोमीटर में बसा है। इस गांव में चार देव स्थान है। जिसमे सनदोही माँ, दाने बाबा, महादेव प्रमुख है। एक तपोभूमि है त्यागी बाबा आश्रम के नाम से जानी जाती है। जहाँ त्यागी बाबा ने भूमि के अंदर चालीस दिन की भूमि समाधि ली थी। त्यागी बाबा नाम के जो यहां महात्मा रहा करते थे उन्होंने रघुनाथ प्रसाद शास्त्री से बताया था कि इस गांव के आसपास किसी बाहर के या पड़ोसी गांव का कभी भी प्रकोप प्रभावी नहीं होगा क्योंकि यहां हनुमान जी की जो मैंने स्थापना करवाई है यह हनुमान जी जागृत है। इस गांव की सदैव रक्षा करेंगे। यह गांव उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की बांगरमऊ तहसील न्याय पंचायत कठिधरा विकासखंड फतेहपुर चौरासी में कल्याणी नदी के समीप स्थित है।

# अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की भव्यपूर्ण ढंग से मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। महान क्रान्तिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती को जनपद में भव्यपूर्ण ढंग से जन सहभागिता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों/स्वयं सेवकों/कलाकारों द्वारा सामूहिक रूप से स्वतंत्रता रैली का आयोजन राजकीय इन्टर कालेज से निराला प्रेक्षागृह के प्रांगण तक किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में रैली निराला प्रेक्षागृह में सकुशल सम्पन्न हुई दीप प्रज्जवलन के साथ अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद को पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके अलावा शहीद चन्द्रशेखर आजाद के जीवन एवं क्रान्तिकारियों पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन एवं सभागार में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। इस अवसर पर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर आधारित लघु फिल्म मै आजाद हूँ का प्रदर्शन, नाटक/आल्हा गायन आदि की प्रस्तुति की गयी।

इस अवसर पर विधायक सदर ने अमर शहीद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे इतिहास में चन्द्र शेखर आजाद जी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है, आने वाली पीढ़ी को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार एवं जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एस0पी0 सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक सुनील वर्मा, क्षेत्रीय सांस्कृतिक अधिकारी कमलेश पाठक, आल्हा गायक राम लखन तिवारी एवं पंकज तिवारी सहित विभिन्न स्कूलो के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विश्वनाथ तिवारी द्वारा किया गया।

# घर में घुसकर शिक्षक ने महिला के साथ की छेड़छाड़, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव मे बीती रात सरकारी अध्यापक पड़ोसी की छत से नीचे कूद कर घर मे अकेले सो रही महिला के साथ छेड़खानी करने लगा। पीड़िता द्वारा डायल पुलिस बुलाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता के तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र से एक पीड़िता ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात वह अपने घर मे 6 साल की बच्ची के साथ सो रही थी। मेरे सास ससुर दो बच्चो के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। मेरे पति बाहर रहकर जीवन यापन कर रहे है। मेरे पड़ोसी पवन कुमार पुत्र बिंदा प्रसाद जो सेमरी जिला रायबरेली के प्राथमिक स्कूल में सरकारी अध्यापक है रात करीब 2 बजे मेरी घर की छत से कूद कर मुझसे छेड़खानी करने लगे। मेरे द्वारा शोर मचाने से सास ससुर के साथ काफी लोग इकट्ठा हो गए। डायल 112 पर फोन करने पर मौके पर पुलिस पहुँची लेकिन आरोपी फरार हो गया। आरोपी का भाई विजय भी उसको व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति परामर्श समिति बैंकर्स की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति/ परामर्श समिति बैंकर्स (डी. एल.आर.सी/डी.सी.सी.) बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अग्रणी जिला कार्यालय द्वारा प्रकाशित की गयी जिला वार्षिक ऋण योजना पुस्तक का विमोचन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया इस वर्ष के ऋण योजना के अंतर्गत जनपद का कुल रुपए 3315.13 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के कृषि में रुपए 1851.04 करोड़ सोच लघु एवं मध्यम उद्योग में रुपए 1171.36 करोड़ अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में रुपए 242.15 करोड़ एवं गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में रुपए 50.58 करोड़ ऋण उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद स्थित बैंको को ऋण जमानुपात बढ़ाने हेतु निर्देशित किया, अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजनांतर्गत आच्छादित करने एन आर एल एम एवं अन्य सरकारी योजनाओं अंतर्गत आ रहे लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण एवं पीएम स्वनिधि योजनाअंतर्गत लम्बित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। ज़िले में पीएम स्वनिधि योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं के सभी लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में वार्षिक ऋण योजना 2023-24 एवं अन्य में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की गई, फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, उद्योग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति, खादी एवं ग्रामोद्योग योजना के अंतर्गत चलाई जा रही प्रगति आदि पर समीक्षा की गई। बैठक में नाबार्ड द्वारा 2025-26 के विषय में भी चर्चा की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील वर्मा, अग्रणी जिला अधिकारी आरबीआइ निखिल, डीडीएम नाबार्ड सुमित कुमार, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी, केवीआईबी विभाग अधिकारी सत्येंद्र कुमार, उपनिदेशक कृषि मुकुल तिवारी, अग्रणि जिला कार्यालय से राजेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं संबंधित बैंकों के सभी जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

# घर पर चढ़कर दबंगो ने परिजनो को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुर्तजापुर ताजपुर निवासिनी अपने बच्चों तथा सास ससुर के साथ गांव में रहती है पीड़िता के पति व देवर बाहर मजदूरी करते हैं जिससे जीवन यापन होता है गांव के पड़ोसी दबंगों ने जमकर पीड़िता को आयदिन पड़ोसी दबंगों द्वारा गाली-गलौज व अभद्रता करतें चले आ रहे हैं पीड़िता ने जब विरोध किया तो मारपीट करने लगे व सास ससुर चचेरे देवर को गंदी-गंदी गाली गलौज व सास ससुर को मारपीट कर घायल कर दिया जिससे पीडिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर उन दबंग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुर्तजापुर, ताजपुर निवासिनी नीलम पत्नी दीपू गांव में अपने बच्चों के साथ तथा सास ससुर के साथ रहती है आए दिन पड़ोसी दबंग राम सिंह पुत्र भगवानदीन, लाल जी शर्मा पुत्र कुंवर बहादुर शर्मा पीड़िता के साथ अभद्रता और बुरी नीयत से बातचीत व दबंगई करते रहते हैं आए दिन पीड़िता को परेशान करते हैं और एक दिन पीडिता को इन लोगों ने जमीन पर पटक दिया जिससे पीड़िता चिल्लाई तभी सास, ससुर तथा चचेरा देवर विशाल मौके पर पहुंचा तभी लाल जी शर्मा जाति सूचक गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला तभी पड़ोस के दबंग बाद में घर पर चढ़कर आ गए राम सिंह उसका लड़का अभिषेक, शोभित, सुनील, लाल जी कल्लू तब्बल, सरिया, अवैध असलहा लाठी डंडा से लैस होकर घर पर चढ़ाई कर दिया और जमकर मारपीट की जिससे पीड़िता व चचेरा देवर सास ससुर बुरी तरीके से घायल हो गए जिसमें कुछ लोगों को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया पीडिता ने प्रार्थना पत्र देकर उन दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई और न्याय पाने के लिए दर दरकी ठोकरे खाते घूम रही है और दबंग आए दिन जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करते चले आ रहे हैं।

# बिना अनुमति के किसान की जमीन से खनन माफियाओ ने खोद डाली मिट्टी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। खनन माफियाओं ने एक किसान की बिना अनुमति के 19 बिस्वा जमीन में 6 फीट गहराई तक मिट्टी खोद ली। जब उसने इसकी शिकायत डीएम से की तो डीएम के आदेश पर एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जांच में अवैध खनन पाया गया। एसडीएम ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। लेकिन थानेदार ने उनके आदेशों को दरकिनार कर दिया। अब पीड़ित दर-दर भटकने को मजबूर है। जानकारी के अनुसार, माखी थाना क्षेत्र अंतर्गत यूपी सिडा द्वारा खनन माफियाओं द्वारा खनन कराया गया है। जिसको लेकर पीड़ित किसान राम प्रताप सिंह ने शिकायत की है। किसान की भूमि 1733 की 19 बिसवा भूमि पर महेश गोस्वामी, सौरभ, सचिन भूमाफिया ने उसकी 19 बिसवा भूमि को बिना अनुमति और बिना उनको सूचना दिए 6 फिट खनन कराया है। इसको लेकर किसान ने डीएम से शिकायत की थी। जिस पर डीएम के आदेश के बाद एसडीएम ने लेखपाल द्वारा मौके पर जा कर जांच की गई तो खनन पाया गया, जिस पर एसडीएम ने कार्रवाई के लिए माखी थाना प्रभारी को जांच सौंपी थी। जिसपर मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए, लेकिन किसान ने जानकारी देते हुए बताया है कि माखी थाना प्रभारी ने मेरे प्रार्थना पत्र कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने माखी थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि खनन माफियाओं से मिलकर थाना प्रभारी मेरी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर किसान की भूमि पर बिना परमिशन के खनन हुआ है और जांच में पाया भी गया है तो ये थाना प्रभारी आखिर मुकदमा क्यों नही लिख रहे हैं। क्यों पीड़ित किसान को कार्रवाई के लिए दौड़ना पड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि इसमें आगे क्या कार्रवाई प्रशासन की तरफ से की जाती है।

# अगले माह से संचालित होगा अस्थायी ग्राम न्यायालय

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत सुमेरपुर तिराहे पर अस्थायी रूप से बनाया गया ग्राम न्यायालय अगले माह से संचालित किया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को अपर जिला जज डॉ सत्यवान, अपर जिला जज मनीष निगम, ग्राम न्यायालय का निरीक्षण करने सुमेरपुर चौराहे पहुँचे। अपर जिला जज मनीष निगम ने बातचीत के दौरान बताया अगले माह से ग्राम न्यायालय का संचालन शुरू किया जाएगा। न्यायालय के लिए आवश्यक फर्नीचर जल्द ही भेजा जाएगा। परिसर में शुद्ध पानी पीने हेतु डीप फ्रीजर की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम न्यायालय की मरम्मत करा रहे ठेकेदार सुनील पांडेय' पप्पू 'को निर्देशित करते हुए कहा आवश्यक जगहों पर पंखे व एक्जास्ट फैन लगा कर दरवाजे आदि को सही करा दिया जाए। भवन व परिसर में उचित जगह वृक्षारोपण करने के साथ फरियादियो के बैठने हेतु सीटे भी लगा दी जाए। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया ग्राम न्यायालय के स्थायी भवन हेतु ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि मानपुर मजरे ककरारी में चिन्हित की गई है जिस पर विचार विमर्श किया जा रहा है। सुमेरपुर में बना ग्राम न्यायालय भवन में पहले तहसील संचालित हो चुकी है लेकिन पाटन में नवनिर्मित भवन बन जाने से 1996 में पाटन भवन से तहसील बीघापुर के नाम से तहसील संचालित होने लगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी, नायब तहसीलदार अर्शला नाज, कोर्ट मैनेजर आर.के.सिंह व प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र कुमार त्यागी, नाजिर राजेश दीक्षित भी मौजूद रहे।

# क्रांतकारी चंद्र शेखर आजाद की मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। मंगलवार को ऋषि नगर स्थित शहीद पार्क में मनाई गई। जहां पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, प्रतिनिधि संदीप पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने में अहम भूमिका अदा करने वाले शहीद ए अजाम चंद्रशेखर के बलिदान को कभी भी भूलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने अंग्रेजों को लोहा मनवाने पर मजबूर किया था। ऐसे महान क्रांतिकारी के जन्मदिन की तारीख को लेकर मतभेद है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्नाव के बदरका क्षेत्र में आकर प्रमाणित कर दिया था कि आजाद जी का जन्म बदरका में ही हुआ था न कि जुलाई को भावरा में। उन्होंने कहा कि चंद्र शेखर आजाद ने देश भक्ति का लोहा अंग्रेजों को मनवाया था, कम उम्र में ही उनके अंदर देशभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी थी। उनके एक आवाहन पर तमाम क्रांतिकारियों ने उनका साथ दिया आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनके बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इसके अलावा जेई घनश्याम मौर्या, अनूप शुक्ला, योगेश मिश्रा, संजय जायसवाल, अभिषेक शुक्ला विकास राजपूत के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

# सालाना उर्स का 25 को किया जायेगा आगाज

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बा स्थित हिंदू-मुस्लिम एकता की प्रतीक विश्व प्रसिद्ध दरगाह मखदूम शाह सफी के सालाना उर्स का आगाज 25 जुलाई से होगा। 3 रोजा प्रोग्राम में नातिया मुशायरा, गागर, कव्वाली, उलमा की कॉन्फ्रेंस व कुल शरीफ का आयोजन होगा जिसमे देश प्रदेश ही नहीं विदेश से भी अकीदतमंद शिरकत करने आते है। सज्जादा नवाज़िश मोहम्मद फारूकी व अफजाल मोहम्मद फारूकी ने बताया मखदूम शाह सफी के ५०१ वे उर्स की शुरूआत बृहस्पतिवार को सुबह महफिल मिलादे नबी से होगी उसके बाद आस्ताने अकदस को गुस्ल दिया जाएगा। शुक्रवार को बाद नमाज जुमा महफिल समा और असर की नमाज के बाद कुल शरीफ पढ़ा जाएगा। बाद नमाज ईशा शबे चरागा व अगले दिन सज्जादा के घर पर हजरत बख्तियार काकी रहमतुल्लाह अलेह के कुल शरीफ की तकरीब के साथ उर्स के सभी कार्यक्रम मुकम्मल होंगे। उन्होंने बताया प्रदेश ही नहीं देश भर से जायरीन उर्स में शिरकत करने आएंगे, जिनके रुकने व खाने पीने संबंधित जरूरी इंतजाम किए जा रहे है।

## रुपिया चोरी करने का युवक ने लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत किराना दुकानों में माल सप्लाई करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा दी गयी तहरीर में बैग में रखे एक लाख पैसठ हजार रुपये नगद चोरी करने का आरोप दो ब्यक्तियो पर लगाया गया था जिस पर पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना बिहार में धीरेंद्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ग्राम कुलहा थाना बीघापुर द्वारा तहरीर दी गयी थी जिसमे उसने बताया था कि वह हिंदुस्तान यूनी लिवर लिमिटेड का डिस्ट्रीब्यूटर है। रविवार रात करीब 8 बजे जब वह भगवंतनगर-बक्सर मार्ग पर स्थित भदेवरा मार्केट में हाकिम किराना पर कंपनी का माल उतार रहा था इसी बीच पिकअप में रखा बैग जिसमे एक लाख पैसठ हजार रुपये भी थे पार कर दिए गए। डिस्ट्रीब्यूटर धीरेंद्र सिंह द्वारा पिकअप हेल्पर गोविंद सिंह पुत्र स्व०इंद्र बहादुर सिंह निवासी आड़ा खेडा बीघापुर व पूर्व में पिकअप चालक रहे सतेंद्र सिंह उर्फ रामू पुत्र रामबिलास सिंह निवासी जप्सरा भगवंतनगर को आरोपित बनाया था। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा बैग चोरी होने के मामले में जब सी सी टी वी फुटेज से जांच की गई तब पाया गया माल उतारते समय व उसके बाद तक कोई भी पिकअप के केबिन के पास नही गया था। बैग किस प्रकार और कहा गायब हुए है जांच का विषय है। दोनो आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कैफे बंद कर अपने घर जा रहे युवक से बाइक सवार लुटेरों ने लूटे लाखों रुपए

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा बाईपास स्थित मनोकामना मंदिर के पास बीती देर रात एक इंटरनेट कैफे संचालक दुकान बंद करके घर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उसके सिर पर वार कर डेढ़ लाख रुपए नगदी छीनकर फरार हो गए। लूट की घटना मिलने के बाद एसपी समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल की है। खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया है। थाना अचलगंज क्षेत्र के हुलास खेड़ा गांव का रहने वाला शिवम वर्मा पुत्र बुद्धि लाल का इंटरनेट कैफे हैं। सोमवार की देर रात वह कैफे को बंद करने के बाद अपनी अपाचे बाइक से हुलास खेड़ा घर जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के मनोकामना मंदिर के पास पहुंच ही था कि तीन अज्ञात बदमाशों के द्वारा उसे रोक लिया गया और सिर पर भारी चीज से वार कर घायल कर दिया। इसके पास मौजूद बैग में डेढ़ लाख रुपए और कुछ जरूरी कागजात छीनकर मौके से भाग निकले। थोड़ी देर बाद लूट की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस हुई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल शिवम वर्मा से घटना की जानकारी ली। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह समेत अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घायल से घटना की विस्तृत जानकारी लेने के बाद वह घटनास्थल पर पहुंचे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा। एसपी ने लूट की घटना का खुलासा करने के लिए कोतवाली पुलिस के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। दावा किया है कि सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# एडीजी जोन ने पुलिस उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एडीजी जोन लखनऊ एस. बी शिरोडकर बीती शाम एक दिवसीय दौरे पर उन्नाव पहुंचे। इस दौरान उन्हें पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन परिसर में निरीक्षण किया। निरीक्षण में एडीजी को साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली। उन्होंने कांवड़ यात्रा के साथ कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने का अफसरों को सख्त अल्टीमेटम दिया है। बता दें कि एडीजी जोन लखनऊ ने पुलिस उच्चाधिकारियों के साथ साथ बैठक करके अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही पुरानी विवेचनाओं के निस्तारण के भी निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर कई थानेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर की गई।

कार्रवाई के बारे में जानकारी हासिल करने के साथ ही और अच्छा कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने जिले की बॉर्डर सीमा पर पुलिस की विशेष चौकशी बढ़ाए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक अपराध उन्नाव सीमा के आसपास जिला हरदोई कानपुर रायबरेली पुलिस को विशेष अलर्ट किया जाए। एडीजी ने मीटिंग में कहा कि पीडितों का स्थानों पर ही समस्याओं का निस्तारण किया जाए। उन्नाव में पिछले तीन साल में हुई घटनाओं को लेकर बिंदुवार समीक्षा की, जिसमें चोरी, लूट, नकबजनी, चेन स्नेचिंग, महिला सम्बंधित अपराध और हसनगंज, बांगरमऊ, पुरवा सर्किल क्षेत्र में गौकशी की घटनाओं पर फोकस किया। बैठक में एसपी ने कहा सभी जिम्मेदार सुनिश्चित करें अवैध शराब, अवैध शस्त्र, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ अवैध कार्यों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। बैठक में कहा कि केस डायरी, बेल, कर्मेंट समय से न्यायालय में दाखिल करें। आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करें, इसके साथ ही अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करेंगे। चोरी लूट वाहन चोरी नकबजनी जैसी घटनाएं बढ़ी है उनको रोके और बीट स्तर के सिपाहियों की जिम्मेदारी तय होगी।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा देश का सरोकार है। वैसे तो पीएम की सुरक्षा का मुद्दा सार्वकालिक है, लेकिन अब यह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर किए गए हमले के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह ने एक अंग्रेजी अख़बार में लेख लिखकर पीएम मोदी की सुरक्षा पर चिन्ता जताई है। कुछ सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने मौजूदा नफरती राजनीति को ही बुनियादी कारण माना है कि प्रधानमंत्री लगातार कांग्रेस समेत विपक्ष के निशाने पर रहते हैं। उन पर कभी भी हमला किया जा सकता है। वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी की सलाह है कि प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर 'हिंसा, हत्या, मौत' सरीखे शब्दों का इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि ये किसी भी नागरिक को भड़का सकते हैं। राजनीति में यह हिंसक प्रवृत्ति बीते एक दशक के दौरान ज्यादा बढ़ी है। सहिष्णुता और सद्भाव गायब होते जा रहे हैं। कांग्रेस समेत विपक्ष के नेता भाजपा-एनडीए की नीतियों का विरोध करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को निजी तौर पर निशाना बना रहे हैं। विपक्ष की राजनीति का यह स्वरूप भारतीय लोकतंत्र की परंपरा नहीं रहा है, ऐसे में मौजूदा राजनीति में बढ़ रहे नफरती बोल को तत्काल रोकने की जरूरत है। पीएम मोदी को लेकर कांग्रेस नेताओं की अमर्यादित भाषा से दूषित हो रही सियासत का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**



# कांग्रेस के नफरती निशाने पर प्रधानमंत्री



**विश्लेषण**

सुशील राजेश

वरिष्ठ पत्रकार

**प्रधानमंत्री के प्रति ऐसी नफरती राजनीति अभूतपूर्व और असभ्य है। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, पांच दशकों से अधिक समय तक देश पर शासन किया है, लेकिन अब पार्टी रसातल की ओर है। सवाल है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देकर या उनके प्रति नफरत फैलाकर वोट हासिल किए जा सकते हैं? नरेन्द्र मोदी ने भी राजनेता की हैसियत से कड़े शब्द कहे थे, लेकिन उनके भाव मारने-काटने, हत्या कर देने या बेरोज़गार युवा डंडे से पीटेंगे आदि नहीं थे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा तो चिंतित सरोकार है, लेकिन हमारी राजनीति की गरिमा और शालीन व्यवहार भी दांव पर हैं कि कांग्रेस की राजनीति कितनी नीचे तक गिर सकती है। इसे रोका जाना चाहिए।**

संदर्भ मई, 2014 का है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में 10-12 दिन शेष थे। जाहिर है कि न तो जनादेश सार्वजनिक हुआ था और न ही नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। अलबत्ता मीडिया से संवाद और साक्षात्कार के दौरान उन्होंने यह जरूर कहा था कि यदि हमारी सरकार बनी, तो 1993 के मुंबई सांप्रदायिक दंगों के आरोपियों को भारत लाएंगे। भाजपा के तत्कालीन प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का भी जिक्र किया था कि उसे भी भारत लाएंगे और कानूनी कार्रवाई करेंगे। ऐसे बयान सुनकर एक अन्य डॉन ने मीडिया के जरिये मोदी को मारने की धमकी दी थी। यह भी कहा था कि 'दाऊद को तब भारत ला पाएंगे, जब जिंदा बचेंगे। मोदी गांधीनगर भी वापस नहीं जा पाएंगे।' मीडिया के जिन चेहरों के जरिये वह धमकी दी गई थी, उन्होंने भारत सरकार में संबद्ध अधिकारियों को खुलासा कर दिया था। उसके बाद मोदी बीते 10 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और दाऊद को अभी तक भारत नहीं लाया जा सका है। ऐसे दावे 1993 के बाद की सरकारों ने लगातार किए हैं। पाकिस्तान में दाऊद के आवास के चित्रमय सबूत भी सार्वजनिक किए गए हैं, लेकिन डॉन पाकिस्तान में ही है। मोदी को धमकी देने वाला डॉन कौन था, वह भी आज तक रहस्य रहा है।



## प्रधानमंत्री की सुरक्षा सरोकार

बहरहाल विश्लेषण अंडरवर्ल्ड डॉन को लेकर नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा देश का सरोकार है। वैसे तो प्रधानमंत्री की सुरक्षा का मुद्दा सार्वकालिक है, लेकिन अब यह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर किए गए हमले के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह ने एक अंग्रेजी अख़बार में लेख लिखकर प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा पर चिन्ता जताई है। कुछ सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने मौजूदा नफरती राजनीति को ही बुनियादी कारण माना है कि प्रधानमंत्री लगातार निशाने पर रहते हैं। उन पर कभी भी हमला किया जा सकता है। वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी की सलाह है कि प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर हिंसा, हत्या, मौत सरीखे शब्दों का इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि ये किसी भी नागरिक को भड़का सकते हैं। राजनीति में यह हिंसक प्रवृत्ति बीते एक दशक के दौरान ज्यादा बढ़ी है। सहिष्णुता और सद्भाव गायब होते जा रहे हैं। कांग्रेस भाजपा-एनडीए की नीतियों का विरोध करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को निजी तौर पर निशाना बना रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम चुनाव के दौरान जून में, वाराणसी में, प्रधानमंत्री के काफिले पर किसी ने चप्पल फेंकने का दुस्साहस किया। वह बम या ग्रेनेड भी हो सकता था। इस संदर्भ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी थी कि अब लोग मोदी से डरते नहीं हैं। फरवरी, 2020 में राहुल गांधी ने यहां तक बयान दे दिया था- 'ये जो नरेन्द्र मोदी भाषण दे रहा है, छह महीने के बाद यह घर से बाहर नहीं निकल पाएगा। हिन्दुस्तान के युवा इसको ऐसा ... मारेंगे, इसको समझा देंगे कि हिन्दुस्तान के युवा को रोज़गार दिए बिना यह देश आगे नहीं बढ़ सकता।' यह उस पार्टी की नेता की भाषा थी, जो पार्टी देश की विरासत, संस्कृति, बहुलता, विविधता, संस्कार को संभालने का दावा करती है। यह उस पार्टी की नेता की भाषा थी, जो देश की सबसे पुरानी व स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने वाली पार्टी मानी जाती है। यह उस पार्टी के नेता की भाषा थी, जो महात्मा गांधी की विरासत का उतराधिकारी होने का दावा करती है। नरेन्द्र मोदी के लिए यह उस नेता की भाषा थी, जो नेहरू व इंदिरा गांधी के परिवार के वंशज हैं।

## पहले भाषण में ही हिंसा

जब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन गए, तो उन्होंने अपने पहले भाषण में ही हिंसा और हत्या सरीखे शब्दों का कई बार इस्तेमाल किया। चप्पल फेंकना भी प्रधानमंत्री की चाक-चौबंद और अति प्रशिक्षित सुरक्षा-व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। पंजाब के फिरोजपुर इलाके में प्रधानमंत्री के काफिले को एक हाईवे पर अटक जाना पड़ा, तो उस स्थान पर पाकिस्तान की तरफ से हमला किया जा सकता था! कांग्रेस और राहुल गांधी के भीतर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति नफरत खूब भरी है। वे इसे चुनावी मुद्दा मानते रहे हैं, लिहाजा 2019 के आम चुनाव से पहले 'चौकीदार चोर है' को चुनावी नारा बनाया था। यह दीगर है कि देश ने कांग्रेस को खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा 'स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप' (एसपीजी) के जवान करते हैं। उनके पास अत्याधुनिक हथियार होते हैं और ऐसी तकनीकी व्यवस्था होती है कि प्रधानमंत्री को हवा भी छू नहीं सकती। एसपीजी प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को उपलब्ध नहीं थी, क्योंकि तब तक इसका गठन ही नहीं हुआ था। इसका गठन तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव की सरकार के दौरान किया गया, जब राजीव गांधी की हत्या पर विमर्श किया जा रहा था। उसके बाद एसपीजी की सुरक्षा सिर्फ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को दी जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री को और उनके निकटस्थ परिजनों को सीआरपीएफ या एनएसजी के कमांडोज की सुरक्षा दी जाती है। राजीव गांधी के बाद किसी भी प्रधानमंत्री को 'आसान निशाना' नहीं बनाया जा सका और न उन पर हमला किया जा सका।

## अपशब्दों का इस्तेमाल

बहरहाल इन कथनों और घटनाओं के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने बयान दिया था कि 'मोदी हिटलर की मौत मरेगा।' 'मोदी की बोटी-बोटी करने' का बयान देने वाला शख्स आज लोकसभा में कांग्रेस सांसद है। कांग्रेस में ही किसी ने यहां तक बयान दिया कि 'मोदी के सिर पर डंडे मारने चाहिए'। प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है, उसकी एक लंबी सूची है। दरअसल नफरत और गालियों का यह सिलसिला 2007 के गुजरात विधानसभा चुनाव से हुआ, जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुख्यमंत्री मोदी के लिए 'मौत का सौदागर' विशेषण का इस्तेमाल किया था। बाद में राहुल गांधी ने भी 'खून की दलाली' और 'ज़हर की खेती' सरीखे अपशब्द कहे थे। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले और बाद कांग्रेस नेताओं ने उनके लिए 'चायवाला', 'रावण', 'भस्मासुर', 'यमराज', 'बिच्छू', 'सांप', 'बंदर', अनपढ़', 'हिटलर', 'गंदी नाली का कीड़ा' आदि 100 से अधिक अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इन तमाम गालियों में मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं की नफरत निहित थी। 2014 से आज तक यह नफरत जारी रही है, लेकिन उसका बुनियादी कारण आज तक समझ नहीं आया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज तक हिंसात्मक शब्दों का प्रयोग नहीं किया। 2014 से कांग्रेस लगातार 3 लोकसभा चुनाव बुरी तरह हार चुकी है। आम चुनाव, 2024 में भी 13 राज्यों में कांग्रेस को 'शून्य' ही मिला है, जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के 232 सीट को बड़ा विजय मान रही है, इसमें कांग्रेस की अपनी सीट केवल 99 है। सौ सीट भी हासिल नहीं कर सकी। भाजपा के अकेले 240 सीट हैं, जो इंडिया ब्लॉक की 232 सीट से ज्यादा है। समाजवादी पार्टी की 'परजीवी' बनने के बावजूद सबसे बड़े राज्य उप्र में कांग्रेस के हिस्से सिर्फ 6 सीट ही आई हैं, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी कांग्रेस गठबंधन में भी कुछ खास नहीं कर सकी, लेकिन कांग्रेस खुद को ऐसे प्रदर्शित कर रही है, मानो लोकसभा का जनादेश कांग्रेस को ही मिला है!

## राजनीति की गरिमा भी दांव पर

बीते 40 साल में कई चुनाव देखे हैं और राजनीति के रंग भी देखे हैं, लेकिन ऐसी नफरती राजनीति अभूतपूर्व और असभ्य है। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, पांच दशकों से अधिक समय तक देश पर शासन किया है, लेकिन अब पार्टी रसातल की ओर है। सवाल है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देकर या उनके प्रति नफरत फैलाकर वोट हासिल किए जा सकते हैं? नरेन्द्र मोदी ने भी राजनेता की हैसियत से कुछ आपत्तिजनक शब्द कहे थे, लेकिन उनके भाव मारने-काटने, हत्या कर देने या बेरोज़गार युवा डंडे से पीटेंगे आदि नहीं थे। उन्होंने '50 करोड़ की गर्लफ्रेंड', 'युवराज' या 'शहजादा' सरीखे शब्दों का सार्वजनिक प्रयोग किया। ऐसी राजनीतिक भाषा भी ठीक नहीं है। अब सवाल देश के प्रधानमंत्री का है। मोदी देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। तीसरी बार पीएम बने हैं। यह देश के लोकतंत्र और मतदाताओं का जनादेश है, जिसे कांग्रेस या राहुल गांधी अथवा 'इंडिया' खारिज नहीं कर सकते। देश पहले भी दो प्रधानमंत्रियों की हत्या देख और झेल चुका है। कांग्रेस इस दर्द को भलिभांति जानती है। कांग्रेस नेताओं को समझना चाहिए कि दरअसल, ऐसे अपशब्द किसी को भी भड़का और उत्तेजित कर सकते हैं। उस मनःस्थिति में वह प्रधानमंत्री तक पर हमला कर सकता है। कई धमकीपूर्ण बयान किसान आंदोलन के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहे गए। प्रधानमंत्री मोदी को मारने तक की बात कही गई और पुतले जलाए गए। पंजाब वाली घटना के दौरान नाराज़ और गुस्साए किसान भी प्रधानमंत्री की घेराबंदी कर सकते थे! कई राजनीतिक दल किसान आंदोलन के उन धमकीबाजों के साथ भी खड़े रहे। 26 जनवरी, 2021 को तो दिल्ली में ऐसा उपद्रव मचाया गया मानो दिल्ली पर ही किसी बाहरी शक्ति ने आक्रमण किया हो! प्रधानमंत्री की सुरक्षा तो चिंतित सरोकार है, लेकिन हमारी राजनीति की गरिमा, सभ्यता और शालीन व्यवहार भी दांव पर हैं कि हमारी राजनीति कितनी नीचे तक गिर सकती है। इसे रोका जाना चाहिए और राजनीति मुद्दों, तथ्यों के आधार पर की जानी चाहिए। यही लोकतंत्र का सौन्दर्य है।

# विकास के साथ रोजगार सृजन पर हो जोर



**बजट उम्मीद**

डॉ. अश्विनी महाजन

प्रोफेसर व अर्थशास्त्री

अंतरिम बजट फरवरी 2024 में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया था, अब जुलाई 2024 में पूर्ण केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करने का समय आ गया है। इसके लिए विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श बैठकों के साथ तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जिसमें अर्थशास्त्री, किसान, एनबीएफसी, बाजार विशेषज्ञ और कई अन्य शामिल हैं।

## प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री आमंत्रित

19 जून को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों को आगामी बजट के बारे में अपना दृष्टिकोण देने के लिए आमंत्रित किया गया। सरकारी हलकों में लोग 8.2 प्रतिशत की उच्च जीडीपी वृद्धि, 9.9 प्रतिशत की तेजी से बढ़ते विनिर्माण, अप्रैल 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति के 4.82 प्रतिशत के साथ मुद्रास्फीति में कमी, डब्ल्यूपीआई में कमी, राजकोषीय घाटे के बजट अनुमानों से कम रहने, रुपये में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 1.4% की बहुत कम दर गिरावट, और भुगतान संतुलन में चालू खाता घाटा जीडीपी के बमुश्किल 0.7% रहने को लेकर उत्साहित हैं। 2023-24 में, जून के पहले सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार 665.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। अब मोदी 3.0 के सामने चुनौती इस वृद्धि को बनाए रखने के साथ-साथ मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने की है। राजकोषीय समझदारी से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए यह एक पूर्व शर्त है। कम राजकोषीय घाटे को जारी रखने के बारे में आम सहमति थी। चूंकि सरकार ने पहले ही अंतरिम बजट 2024-25 में जीडीपी के 5.1% के राजकोषीय घाटे का प्रस्ताव रखा है, लेकिन कुछ ऐसी ज़रूरतें हैं जिनके कारण सरकार को पूंजीगत व्यय, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे के लिए अधिक धन की आवश्यकता हो सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च; पीएलआई योजना, विशेष रूप से नए क्षेत्रों में उसके विस्तार के साथ। बेरोजगारी, शिक्षित युवा बेरोजगारी को संबोधित करने की भी तत्काल आवश्यकता है।

## रोबोट टैक्स का सुझाव

बैठक में कुछ अर्थशास्त्रियों ने नई तकनीक, खास तौर पर एआई के कारण नौकरियों के नुकसान के बारे में चिंता जताई। एक राय यह थी कि हालांकि, हम नई तकनीक के उपयोग से बच नहीं सकते और न ही बचना चाहिए, लेकिन चूंकि इससे नौकरियां जा रही हैं, इसलिए जो लोग लाभ उठा रहे हैं, उन्हें नुकसान उठाने वालों की भरपाई करनी चाहिए। रोजगार सृजन का जिक्र करते हुए, यह सुझाव दिया गया कि 'रोबोट टैक्स' की संभावना तलाशी जा सकती है, जिसका उपयोग विस्थापित श्रमिकों को पुनः कौशल प्रदान करने और पुनर्वासित करने के लिए किया जा सकता है। यह ध्यान रखना दिलचस्प हो सकता है कि हाल ही में आईएमएफ द्वारा एक पेपर में उल्लेख किया गया है कि यद्यपि एआई रोजगार और मजदूरी को बढ़ावा दे सकता है, लेकिन आईएमएफ ने यह भी कहा है कि श्रम बल के बड़े हिस्से को लंबे समय



तक काम से बाहर रख सकता है, जो एक दर्दनाक संक्रमण की ओर इंगित करता है।

## डिज़ाइन किया जाए पीएलआई

उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के पहले चरण की सफलता से उत्साहित, जिसने एपीआई, रक्षा उपकरण, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई अन्य में चीन पर निर्भरता को कम करने में मदद की, अर्थशास्त्रियों ने पीएलआई के अगले चरण को सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र (एमएसएमई) के इर्द-गिर्द डिज़ाइन करने का समर्थन किया। रोज़गार सृजन पर नज़र रखते हुए, अधिक संतुलित औद्योगिक विकास के लिए के लिए पीएलआई योजना को एमएसएमई के लिए डिज़ाइन करना महत्वपूर्ण है।

## ई-उत्पादों पर सीमा शुल्क की तैयारी

यह समझा जाता है कि विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के परिणाम के अनुसार, विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से डिजिटल उत्पादों पर सीमा शुल्क पर रोक समाप्त हो जाएगी। डिजिटल उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाने की तैयारी के रूप में, हम इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित सॉफ्टवेयर और अन्य डिजिटल वस्तुओं के लिए भारतीय सीमा शुल्क मैनुअल में विशिष्ट टैरिफ शीर्ष बनाकर इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर शून्य प्रतिशत के सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र टैरिफ के साथ डिजिटाइज़ करने योग्य वस्तुओं पर सीमा शुल्क शुरू कर सकते हैं। इससे डेटा एकत्र करने और 01/04/2026 के बाद उचित दरों पर सीमा शुल्क लगाने में सुविधा होगी, जब विश्व व्यापार संगठन द्वारा ई-ट्रांसमिशन के सीमा शुल्क पर लगाई रोक समाप्त हो जाएगी।

## निजी निवेश को बढ़ावा

इसमें कोई संदेह नहीं है कि ई-उत्पादों पर टैरिफ लगाने से दीर्घकाल में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित उत्पादों में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन कई अन्य उद्योगों और स्टार्ट-अप में भी निवेश को बढ़ावा देने की तत्काल जरूरत है। घरेलू स्रोतों से इस निवेश को वित्तपोषित करने के लिए, हमें घरेलू निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल देने की आवश्यकता है। निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए बैठक में जिन सुझावों पर चर्चा की गई, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

1. वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के प्रवाह में घर्षण को दूर करने के लिए सूचीबद्ध, गैर-सूचीबद्ध क्षेत्रों के बीच दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ समानता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्तमान में सूचीबद्ध शेयरों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ आमतौर पर 10 और गैर-सूचीबद्ध शेयरों व अन्य परिसंपत्तियों पर 20% की दर से कर लगता है।
2. जैविक रसायन, प्लास्टिक और ईवी से संबंधित उपकरणों सहित चीन से आयात प्रतिस्थापन के लिए उत्पादन से जुड़ी पीएलआई योजना शुरू की जानी चाहिए।
3. छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए घोषित रक्षा गलियारों में प्लग एंड प्ले सुविधाओं, कॉमन टूल रूम और आरएंडडी सुविधाओं के साथ औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा सकते हैं। उचित लागत पर रक्षा उत्पादन बढ़ाने के लिए 'इसरो मॉडल' को अपनाया जा सकता है।
4. हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'रिवर्स फ़्लिपिंग' वालों को अपेक्षित कर का भुगतान करना होगा और अधिकांश 'रिवर्स फ़्लिपिंग' करने वाले लोग इसे देने के लिए तैयार भी हैं, फिर भी लालफीताशाही और प्रक्रियाओं और ढेर सारे कागजी काम से जुड़े मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। चूंकि, यह एक बार का मामला है, इसलिए सरकार रिवर्स फ़्लिपिंग की सुविधा के लिए एक पैकेज ला सकती है और जो लोग वापस लौट रहे हैं उनके लिए असुविधा को कम कर सकती है। यह सभी के लिए लाभ की स्थिति हो सकती है; चाहे वह सरकारी राजस्व हो, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम हो या पूरा देश हो।

# मध्यम वर्ग को राहतों की बड़ी उम्मीदें



**पूर्ण बजट 24-25**

डॉ.जयंतीलाल भंडारी

वरिष्ठ अर्थशास्त्री

इस समय पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट 2024-25 की ओर लगी हुई है। यह उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2012-13 के बाद महंगाई के हिसाब से जिस आयकरदाता और मध्यम वर्ग को राहत नहीं मिली है, अब वित्तमंत्री नए बजट के माध्यम से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं।

## राहतों पर फोकस

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद लगातार मांग तेज हुई है। सरकार ने विगत वर्षों में जहाँ गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया, लेकिन राहत पाने के मद्देनजर सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान में मध्यम वर्ग की नाराजगी भी दिखाई दी है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक संबोधन में कहा है कि मध्यम वर्ग देश के विकास का चालक है और मध्यम वर्ग कैसे कुछ बचत बढ़ा सके तथा मध्यम वर्ग के लोगों की जिंदगी को कैसे आसान बनाया जा सके, इस परिप्रेक्ष्य में रणनीतिकपूर्वक आगे बढ़ा जाएगा। गौरतलब है कि इस पूर्ण बजट 2024-25 के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से अधिक हुए हैं। आयकर विभाग के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2013-14 में आयकर संग्रह करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये था। यह फिर तेजी से बढ़ता गया। यह वर्ष 2019-20 में 10.5 लाख करोड़ रुपये हो गया। कोरोनाकाल के कारण यह वर्ष 2020-21 में घटकर 9.47 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। यह वर्ष 2021-22 में 14.08 करोड़ रुपये, वर्ष 2022-23 में 16.64 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 19.58 करोड़ हो गया।

ऐसे में वित्तमंत्री सीतारमण मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों स्लैब की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित कर सकती है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं। इसके तहत मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 में मानक कटौती की सीमा 40 हजार रुपये थी और वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया था।

## टैक्स छूटों में वृद्धि वृद्धि संभव

नए बजट के तहत आयकर से संबंधित विभिन्न टैक्स छूटों में वृद्धि की जा सकती है। मौजूदा समय



में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट मिलती है। इसके तहत ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 2.5 लाख से तीन लाख की छूट दी जा सकती है। इसी तरह सरकार के द्वारा इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को बढ़ा सकती है। ऐसे में सरकार के द्वारा 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स छूट को बढ़ा सकती है ताकि टैक्पेयर्स हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर प्रेरित हों। 80डी में कर छूट सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सीमा बढ़ाई जाने से लोगों को स्वास्थ बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) में योगदान की वार्षिक सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जा सकता है।

## आयकर के दायरे में इजाफा

निःसंदेह देश में कर सुधारों से आयकर के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है, लेकिन अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां वर्ष 2024-25 के बजट से वित्तमंत्री आयकर राहत संबंधी उपहार सौंप सकती हैं, वहीं वे बजट में आयकर के दायरे का विस्तार करने की नई रणनीति का ऐलान कर सकती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग हैं पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक पिछले एक वर्ष में करीब 24 लाख लोगों ने 10 लाख रुपये से महंगी कारें खरीदी, पिछले एक वर्ष में करीब 25 लाख लोगों के 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के महंगे घर खरीदे, वर्ष 2022 में देश के करीब 2.16 करोड़ लोगों ने पर्यटन के मद्देनजर विदेश यात्राएं की। इस तरह लोगों के पास पर्याप्त कमाई के कारण ही ये खरीदियां और विदेश यात्राएं संभव हैं, लेकिन ऊंची कमाई करके भी बड़ी संख्या में लोग आयकर नहीं देना चाहते। वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.79 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की आबादी के 1.97 फीसदी लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में आयकर का पूरा बोझ दो फीसदी से भी कम आबादी के द्वारा उठाया जा रहा है। साथ ही देश में कुल आयकर रिटर्न के करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकरदेयता बताते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसे में देश में आयकर संग्रहण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आकार की तुलना में महज 11.7 फीसदी ही है, जबकि यह जर्मनी में 38 फीसदी, जापान में 31 फीसदी, ब्रिटेन में 25 फीसदी अमेरिका में 25 फीसदी और चीन में 18 फीसदी है। स्थिति यह है कि अमेरिका की 60 फीसदी और ब्रिटेन की 55 फीसदी आबादी आयकर चुकाती है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। इसमें राहत से फायदा ही है।

## नई रणनीति की संभावना

अतएव हम उम्मीद करें कि इस बार वित्तमंत्री नए बजट से ऐसे लोगों को चिह्नित करने की नई रणनीति के साथ दिखाई देगी, जिससे वास्तविक आमदनी का सही मूल्यांकन हो सके, लोगों के वित्तीय लेनदेन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हो सके । साथ ही जो वास्तविक कमाई से कम पर आयकर देते हैं, उन्हें भी चिह्नित करके अपेक्षित आयकर चुकाने के लिए बाध्य किया जा सके। निश्चित रूप से इससे देश में टैक्स संग्रहण बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से बड़े बाबू की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर मुंशीगंज अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक प्रयागराज कलेक्ट्रेट ऑफिस में बड़े बाबू के पद पर तैनात था। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। दरअसल, ये पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी क्षेत्र स्थित उपाधयाय का पुरवा गांव का है। जहां देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक संतोष कुमार यादव (45) पुत्र रामजस यादव करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों समेत पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मृतक संतोष यादव प्रयागराज कलेक्ट्रेट में बड़े बाबू के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि मृतक संतोष यादव देर रात घर के बाहर स्थित इंडिया मार्का हैंडपम्प पर हाथ पैर धोने गया था, तभी इंडिया मार्का में लगे समरसेबल में अचानक करंट उतरने से हादसा हो गया। पड़ोसी ने हादसा होते देखा तो परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन युवक को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। एसओ मुंशीगंज प्रेम चंद्र गौतम ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अमरोहा में गश्त कर रहे पुलिसवालों के सामने आया तेंदुआ

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के नौगांवा सादात थाना इलाके में तेंदुए की दहशत पिछले कई माह से लगातार बरकरार है। लेकिन तेंदुआ अभी तक वन विभाग की गिरफ्त में नहीं आ सका। अब तेंदुआ रात्रि गश्त पर निकले पुलिसवालों के सामने आ गया। हालांकि पुलिसवाले गाड़ी में थे, बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिसवालों ने तेंदुए के ऊपर टॉर्च जलाई तो तेंदुआ भागकर खेतों में घुस गया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। उधर वन विभाग जल्द तेंदुए को पकड़ने का दावा कर रहा है। दरअसल यह घटना नौगांवा सादात थाना इलाके के गांव अलीपुर के पास की है। नौगांवा थाने में तैनात सिपाही कौशल कुमार, अमित कुमार अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ रात्रि गश्त पर थे। बताया जा रहा है कि जब वह गाड़ी से अलीपुरा गांव के नजदीक नहर के पास पहुंचे, तभी अचानक उनकी नजर तेंदुए पर पड़ी, जैसे ही उन्होंने टॉर्च की रोशनी उसकी ओर दिखाई तो तेंदुआ खेतों की ओर भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को तेंदुआ होने की जानकारी दी।

# नैया पार ले चलो खेवैया, टीकाकरण को जाना है

## जान जोखिम में डाल लगा रहीं जिंदगी का टीका

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जानलेवा बीमारियों से बचाव में टीका बेहद अहम माना जाता है। जनपद के बाढ़ग्रस्त इलाकों के दूरस्थ गांवों में टीकाकरण करना आसान नहीं है। भानमती यादव और पुष्पा देवी जैसी स्वास्थ्यकर्मी जान जोखिम में डालकर महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को टीका लगा रही हैं। कहीं विषैले जानवरों का डर है तो कहीं गहरे पानी में फंसने का, लेकिन इनके उत्साह में कोई कमी नहीं है। भारत-नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले के 232 गांव ऐसे हैं जहां पहुंचने के लिए नदी-नालों को पार करना पड़ता है। वषार्काल में जल भराव के कारण पानी से ढके फिसलन भरे कच्चे रास्तों, नदी-नालों, जंगल-झाड़ियों और विकट पगडंडियों से होकर हेल्थवर्कर गांवों तक पहुंच रहे हैं। जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर चौकसाहार और बेलामकन गांव जाने के लिए सीएचसी शिवपुर से 7 से 8 किमी का रास्ता नदी पार कर तय करना पड़ता है। बाढ़ग्रस्त इन इलाकों में एएनएम भानमती यादव और पुष्पा देवी टीकाकरण के लिए कई बार जा चुकी हैं। पुष्पा देवी बीती 14 जुलाई को सुबह आठ बजे रवाना हुईं। चौकसाहार से एक किमी पहले नदी पार करने के बाद कच्चे रास्ते पर जल भराव के कारण सड़क बंद थी। ऐसे में जैसे-तैसे रास्ता पार कर 18 बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया। पुष्पा बताती हैं कि हर साल बाढ़ के कारण गांव के कई परिवार दूर-दूर छोटी-छोटी बस्तियों में बस गए हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में कच्चे और कीचड़ वाले रास्तों से उन तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। घर और खेत सैलाब में कट जाने की वजह से ग्रामीणों को वैक्सीनेशन के लिए राजी करना थोड़ा मुश्किल होता है। जानकारी के मुताबिक चौकसाहार गांव में टीकाकरण के लिए एएनएम पुष्पा देवी अपनी दो बेटियों से दूर रहती है एक बेटी नाना-नानी के साथ मऊ जिले के मधुबन गांव में रहती हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों अन्तर्गत 07 ब्लाकों के 232 गांवों में अब तक 1132 गर्भवती महिलाओं और 2300 बच्चों का टीकाकरण कर 90 फीसदी से अधिक लक्ष्य हासिल किया जा चुका है।

साथ ही इन इलाकों की सभी गर्भवती महिलाओं की संभावित प्रसव तिथि भी अंकित कर ली गई है ताकि सही समय से सुविधाएँ मुहैया कराकर अस्पताल में प्रसव कराया जा सके। सीएमओं ने बताया कि स्वास्थ्य टीमों को टीकाकरण के लिए बाढ़ ग्रस्त स्थानों पर भी जाना पड़ रहा है, जहां पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ते तक नहीं हैं। हेल्थवर्कर के प्रयासों का ही परिणाम है कि हम अपने लक्ष्यों को पूरा कर रहे है।

# पारले चीनी मील द्वारा कृषक गोष्ठी आयोजित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक तरीके से समय पर गन्ना फसल प्रबंधन करना। जिससे प्रति एकड़ उत्पादन कम से कम 500 कुंतल लिया जा सके। गोष्ठी का संचालन गन्ना अधिशासी रुचिन लाटयान ने किया। किसानों को सम्बोधित करते हुवे पारले के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक वाहजुद्दीन ने कहा की इस समय बरसात काफी अच्छी हो रही है। प्रति एकड़ 10 किलो यूरिया को 10 किलो पारले अमीनोज दानेदार के साथ मिलाकर लाइनो में तत्काल टॉप ड्रेसिंग करे। जिससे फसल बढ़वार अच्छी हो सके और अच्छा उत्पादन प्राप्त हो सके। बढ़वार का समय जुलाई से सितम्बर तक होता है। इसके अलावा फसल की अच्छी बढ़वार तथा रोग एवं कीट नियंत्रण के लिए कम से कम 2 स्प्रे जुलाई माह में 15 दिनों के अंतराल पर जरूर करे। प्रति एकड़ स्प्रे एन0 पी0 के0 (0:52:34)-2 किलो, पारले अमीनोज तरल -1 ली0, हेक्सास्टोप-200 ग्राम, एमिडा-100 मि0 ली0 को 250 ली0 पानी में घोल बनाये और स्प्रे कर दे। फसल पर अधिक से अधिक किसान स्प्रे करें इसके लिए पारले स्प्रे मशीन अपने किसानों को अनुदान पर उपलब्ध करा रही है। इसके अतिरिक्त गन्ना न गिरे इसके लिए पारले आर्गेनिक पोटाश पर 2 बैग प्रति एकड़ लाइन में प्रयोग करे और मिट्टी चढ़ा दे। गन्ना फसल की तीन बंधाई माह जुलाई-अगस्त-सितम्बर में बढ़वार अनुसार करे। इस तरह यदि सभी किसान यदि शत-प्रतिशत गन्ने में मिट्टी चढ़ा दे और तीन बंधाई कर दे तो गन्ना गिरने की सम्भवना बिल्कुल नहीं रहती। भूमि की उर्वरा शक्ति बढाने एवं फसल उत्पादन अधिक हो इसके लिए पारले सभी ऑर्गनिक, जैविक खाद, बायो फर्टिलाइजर भारी अनुदान पर अपने किसानो को दे रही है। गोष्ठी में 125 किसानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पारले के अन्य आधिकारी गण दीपक श्रीवास्तव पुष्पराज सिंह रईस अहमद उपस्थित रहे।

## एम.डी.ए. अभियान संचालन सम्बन्धी बैठक 26 जुलाई को

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद में 10 अगस्त से 02 सितम्बर 2024 तक संचालित होने वाले एम.डी.ए. (डबल ड्रग थेरेपी) के सफल संचालन के लिए 26 जुलाई 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## कोटे की दुकान चयन प्रक्रिया स्थगित होने से ग्रामीणों ने किया हंगामा

### दूसरी बार स्थगित हुई चयन प्रक्रिया, ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के ग्राम पंचायत कुडौनी में सरकारी राशन की दुकान की चयन प्रक्रिया दूसरी बार कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई।

भेदभाव का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों की भारी भीड पंचायत कार्यालय पर जमा रही। कोटे के चयन प्रक्रिया को देखते हुए पंचायत भवन पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। कैसरगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कुडौनी में मंगलवार को सरकारी राशन की दुकान के चयन को लेकर चुनाव होना था। चुनाव के लिए दो पक्षों नें अपनी अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी। कोटे की चयन प्रक्रिया को देखते हुए गांव के पंचायत भवन पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। चुनाव कराने के लिए ग्राम पंचायत सचिव कृष्ण मोहन त्रिपाठी और पर्वेक्षक प्रेम शंकर शारस्वत ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे। ग्राम प्रधान जासिया बेगम के बीमार होने के कारण कोरम पूरा न होने की बात को दूसरी बार सरकारी राशन की दुकान चयन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया। चुनाव स्थगित करने से उपस्थित ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। सेक्रेटरी और पर्वेक्षक पर प्रधान से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए तहसील प्रशासन से तहसील के सक्षम अधिकारी की देखरेख में चुनाव कराने की मांग की है। इस दौरान मेराज अहमद उर्फ रुकसान, मोहम्मद सिराज, सैफुद्दीन, मुहीब अहमद, डा.गौसुल आजम, फखरूल हसन, छब्बन खां, मास्टर लईक, चमन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे रुपिया, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में चार साल पहले नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख की हुई ठगी मामले में सोमवार को मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाक पीड़ित ने डीजीपी से घटना की शिकायत की। डीजीपी के आदेश पर पिता-पुत्र पर अनुसूचित जाति उत्पीड़न, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांगरमऊ कोतवाली के गांव लोहानपुरवा के रहने वाले पप्पू ने पुलिस महानिदेशक से शिकायत की। शिकायती पत्र में कहा कि चार साल पहले उसकी मुलाकात ट्रेन में बांगरमऊ क्षेत्र के गांव हसनापुर निवासी राजबहादुर से हुई थी। इसके बाद से उसके घर आना जाना हुआ। राजबहादुर ने कहा कि मेरे बेटे दीपु की न्याय विभाग में अच्छी पकड़ है। आपके बेटी और बेटे की नौकरी लगवा देंगे। इसके लिए कुछ पैसे चाहिए होंगे। नौकरी के लालच में आकर मैंने पहले 12 लाख और फिर 3 लाख रुपए दे दिया। जब दो महीने बीत जाने के बाद भी नियुक्त पत्र न मिलने पर राजबहादुर ने बताया कि, नौकरी लगवाने की बात हुई थी, उनका अब ट्रांसफर हो गया है। पप्पू ने जब दिए गए पैसों की रसीद मांगी, तो गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे। बाद में पता चला कि पिता-पुत्र दोनों इसी तरह से कई लोगों को ठग चुके हैं। कोतवाली में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में जब डीजीपी से शिकायत की तो, उनके उनके निर्देश पर अब राजबहादुर और उसके बेटे दीपू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। इस मामले में बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले पिता पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे दर्जनों घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में कई वर्षों से रंजिश चल रही है। जिसके कारण दोनों पक्षों में वाद विवाद हो गया। इसी दौरान जमकर लाठी डंडे चल गए। जिससे दोनों में हुई जमकर मारपीट में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के मुहीब, जुनेद और दूसरे नियाजुद्दीन घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि घटना के बाद दोनों पक्षों द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। वहीं ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि मारपीट के दौरान फायरिंग भी हुई है। इस दौरान एक पक्ष ने कार, बाइक और जेसीबी पर भी लाठियां बरसाना शुरू कर दी। जिससे कार और जेसीबी का शीशा टूट गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने कहा



कि अभी तक जांच में फायरिंग के साक्ष्य नहीं मिले हैं। घटना की जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी। दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शान्ति व्यवस्था के लिए गांव में पुलिस बल लगा दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक

### प्राईवेट चिकित्सालयों का किया जाये निरीक्षण, मानक के अनुरूप न पाये जाने पर की जाये कार्यवाही– जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित नोडल अधिकारी पंजीयन निजी चिकित्सालय को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सालय में चिकित्सकों के उपलब्धता से सम्बन्धित चिकित्सालय के बोर्ड पर उनके उपस्थिति सहित अन्य बिन्दुओं की सूचना अनिवार्य रूप से अंकित की जाये, यदि इस प्रकार के कोई सूचना प्राईवेट चिकित्सालय द्वारा अंकित नहीं की जाती तो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि बिना पंजीयन के जनपद में यदि कोई भी चिकित्सालय संचालित हो रहे हों, तो वह तत्काल बन्द कर दिये जाये, उन्होंने कहा कि प्राईवेट चिकित्सालयों की संघन जॉच नियमित रूप से सम्बन्धित टीम द्वारा सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत अल्ट्रासाउण्ड कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाये और यह भी सुनिश्चित की जाये कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव चिकित्सालयों में ही कराया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने यू0पी0आर0एन0एस0 द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तो निर्माण कार्यो की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसूता महिलाओं के खाते में भेजे जाने वाली धनराशि के भुगतान की समीक्षा, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रसुता महिलाओं के खाते में धनराशि का भुगतान निर्धारित समय के अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, दवा की उपलब्धता, टीकाकरण, अल्ट्रासाउण्ड आदि कार्यों की प्रगति समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य रहने हेतु समय-समय पर टीककरण के साथ ही दवाएं आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाये और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी नियमित रूप से किया जाये।

# गिरवां-जरर के पहाड़ों पर अवैध ब्लास्टिंग

## मंदिरों को हो रहा नुकसान, लोग पलायन करने को मजबूर

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बुंदेलखंड के बांदा में पहाड़ों में होने वाले अवैध खनन से परेशान होकर लोग पलायन करने को मजबूर हैं। अपनी जान बचाने के लिए गांव वाले हर अधिकारी की चौखट में जा चुके हैं। जब कहीं से राहत नहीं मिली, तो एन जी टी में मुकदमा दर्ज किया। एनजीटी ने एक महीने तक रोक लगा रखी। लेकिन एक बार फिर पहाड़ माफिया तमाम नियमों को ताक पर रखकर अवैध ब्लास्टिंग व अवैध खनन करने पर उतारू है। बांदा जनपद के गिरवा क्षेत्र में ग्राम जरर, गिरवा, पतरहा में पहाड़ों में अवैध खनन हो रहा है। वहां चलने वाली क्रशर से फसल व जन जीवन को नुकसान पहुंच रहा है। जरर गांव के छोटे से पहाड़ में 16 खनन पट्टे स्वीकृत कर दिए गए हैं। जबकि इन खनन पट्टों के नीचे अच्छी खासी बस्ती बनी हुई है। फिर भी इन पट्टों को स्वीकृत करने वाले स्थानीय अधिकारियों ने मानो रुपयों की चमक के आगे आंख मूंद करके खनन पट्टे स्वीकृत कर दिए हैं। गिरवा क्षेत्र के जरर गिरवा, पतरहा आदि गांव में पर्वतों में शिव मंदिर विराजमान है। गिरवा में भूतेश्वर बाबा, पतरहा में किसगूर बाबा, जरर में प्राचीन शिव मंदिर पर्वतों की श्रृंखला पर विराजमान है। पिछले कई महीनों से पहाड़ खोदने वाले माफिया अवैध ब्लास्टिंग करके पर्वतों को क्षति पहुंचा रहे हैं। वहां के धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों की आस्था के केंद्र शिव मंदिर खतरे में है। जिसको लेकर लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं। इसके अलावा गिरवा क्षेत्र में 6 क्रेशर लग चुकी है तथा दर्जनों क्रेशर को अनुमति दी जा चुकी है। बिना पर्यावरण को देखे हुए अंधाधुन तरीके से बिना किसी सर्वे के तमाम क्रशर को अनुमति दी गई है। आम जनजीवन इससे प्रभावित है। गिरवा क्षेत्र की पहाड़ियां बहुत ही प्राकृतिक रूप से सुंदर हैं यहां पर सरकार पर्यटन को बढ़ावा दे सकती है। अगर इन धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण किया जाए तो पर्यटन के लिए बहुत ही सुंदर क्षेत्र है। गिरवा क्षेत्र की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं फसलों में सफेद डस्ट जमा हो रही है जिसकी वजह से फसलें बर्बाद हो रही है। पहाड़ों में 24 घंटे ब्लास्टिंग का काम होता है जिससे गांव वालों के जीवन पर भी बन आई है। मानक के विपरीत 2 इंची की जगह 6 इंची का होल करके ब्लास्ट किया जाता है। जिससे मंदिर व लोगों के घर तक हिल जाते हैं।

# छत पर सो रहे किसान की गिरकर मौत

- सुबह सड़क किनारे पड़ा देखा लोगों ने शव, घर में अकेला रहता था मृतक

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में कोतवाली देहात के पूरे किरता गांव में शनिवार रात छत पर सो रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर पर किसान अकेला मौजूद था। पुलिस मामले में जांच कर रही है। कोतवाली देहात के पूरे किरता निवासी विश्वनाथ उपाध्याय (55) पुत्र स्व हरगोविंद उपाध्याय शनिवार रात बिजली न होने के चलते बिस्तर लेकर छत पर सोने गए थे। रविवार सुबह उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में जख्मी हालत में घर के किनारे पड़ा मिला। परिजनो द्वारा आशंका जताई जा रही है कि रात के अंधेरे में वह लघु शंका के लिए उठे हैं और बिना रेलिंग की छत से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गयी है। सुबह परिजन जब उठे तो छत के नीचे जमीन पर उनको गिरा देखकर हैरान रह गए। आनन फानन में किसान को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं परिजन छत से गिरकर मौत की आशंका जता रहे हैं। मृतक किसान विश्वनाथ उपाध्याय की पत्नी बच्चों के साथ दिल्ली में रहती है। मृतक के घर में अकेले होने के कारण घटना की तत्काल किसी को जानकारी नहीं हो पाई अन्यथा उनकी जान बच सकती थी। सुबह परिवार के लोग व पड़ोसी जब उनको गिरा देखे तो अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मृतक विश्वनाथ उपाध्याय की तीन पुत्री तथा एक पुत्र है। तीनों पुत्रियों की शादी कर हो चुकी है। इकलौते पुत्र अरुण की शादी 28 नवंबर को होनी है जो तय है।

# संविलियन विद्यालय में सोता मिला शिक्षक

### बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़, इरअ ने कहा– जांचकर होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के सरकारी विद्यालयों में नौनिहालों का भविष्य राम भरोसे है। जिसकी एक बानगी देखने को मिली है। एक संविलियन विद्यालय में शिक्षक शिक्षण कार्य के दौरान बेंच पर सोता मिला। जिसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं अधिकारी मामले में जांच की बात कह रहे हैं। बता दें कि पूरा मामला गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव हैदलपुर के संविलियन विद्यालय का बताया जा रहा है। यहां पर एक शिक्षक शिक्षण कार्य के दौरान विद्यालय की बेंच पर सोता मिला। लोगों का कहना है कि शिक्षक अक्सर शिक्षण कार्य के दौरान विद्यालय के कमरे में पड़ी बेंच पर जाकर सो जाता था। जिससे बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। इसकी शिकायत बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से की गई। जिसपर एक अभिभावक द्वारा विद्यालय पहुंचकर सोते हुए शिक्षक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला जानकारी में है। इस संबंध में बीईओ को जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# बोलेरो ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

- खेत से काम करके घर लौट रहा था, लखनऊ में इलाज के दौरान तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में खेत से लौट रहे वृद्ध को बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर से वृद्ध को गंभीर चोट आई। उसे जगदीशपुर में एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां से प्रथम उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है। घटना हलियापुर थाना क्षेत्र के पिपरी गांव की है। पिपरी गांव निवासी करिया धोबी (71) पुत्र बृजलाल धोबी शनिवार को खेत में काम करने गया था। ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग करिया खेत से आ रहा था कि बगल से गुजर रही एक बोलेरो गाड़ी संख्या ने गांव में ही सड़क पार करते समय करिया को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट कर पीड़ित को इलाज करवाने के बजाय बोलेरो चालक सीधे गाड़ी लेकर भाग निकला। पारिवारीजनों ने घायल बुजुर्ग को जगदीशपुर स्थित हड्डी डॉक्टर बघेल के यहां पहुंचाया। डॉक्टर ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ मेडिकल कालेज ले जाने की सलाह दी। लखनऊ केजीएमयू में इलाज शुरू हुआ जहां बुजुर्ग की डेथ हो गई। डेड बॉडी को मॉच्युरी में रखा गया है, जहां आज पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। उधर मौत की खबर मिलने के बाद से पारिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी रामपति ने बताया की शव आने पर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। उसके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षेप

## उपकेन्द्रों में औचक निरीक्षण पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बिंदकी तहसील अंतर्गत कई सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली पहुंचे जहां दवा भंडारण कक्ष समेत एक्सरे रूम तथा साफ सफाई ओपीडी आदि का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मी आशा कार्यकत्रियों तथा चिकित्सकों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव एवं दिशा निर्देश भी दिए इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार डॉक्टर संदीप कुमार डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव अमित मिश्रा डॉक्टर श्याम अभय प्रताप सिंह विकास ओमप्रकाश मनीष तिवारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी एवं चिकित्सक मौजूद रहे निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जजमोइया पहुंचे जहां पर उपस्थित फार्मासिस्ट रामशंकर एवं सुरेंद्र कुमार से स्वास्थ्य के विषय में विस्तृत जानकारियां लेते हुए अनेक बिंदुओं का निरीक्षण किया इसी प्रकार क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौंह तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद का भी निरीक्षण किया गया इसके साथ-साथ मरीजों तथा तीमारदारों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली जो संतोषजनक मिली

## डॉ. संदीप सरावगी ने फीता काटकर क्राफ्ट बेकरी का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार /हेमन्त यादव

झाँसी। जनपद के सीपरी बाजार में छोटी माता मंदिर के पास केक क्राफ्ट नामक नई बेकरी का उद्घाटन हुआ उद्घाटन करने जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी पहुंचे। जहां माल्यार्पण कर डॉ संदीप का स्वागत किया गया तत्पश्चात डॉ संदीप ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया। सीपरी बाजार और आसपास के क्षेत्र में सबसे कम दामों पर यहां केक, कुकीज, पेस्ट्री एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध हैं। केक क्राफ्ट पर विशेष रूप से केक की सभी प्रीमियम क्वालिटी उपलब्ध है जो सामान्यत झांसी और आसपास के क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं है। इसके अतिरिक्त कुछ समय तक प्रत्येक खरीद पर ग्राहकों को 10% का डिस्काउंट भी दिया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर आए हुए सभी मित्रगण और गणमान्य नागरिकों ने बेकरी संचालकों को शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर बेकरी मालिक अहजाद सिद्दीकी, संचालक अविनाश सेठी, अजीज सिद्दीकी, रियाज सिद्दीकी, विवेक अहिरवार, आदिल सिद्दीकी, अविनाश पॉल, हामिद खान, जमीर सिद्दीकी, रहीम खान, सलीम खान, मुराद खान, मुख्तार खान, इमरान खान, यासमीन बेगम, पीटर, साइन बानो, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अब्दुल कलाम नगर में जलभराव और गंदगी से त्रस्त लोग

## नगर पंचायत की अनदेखी से बढ़ रहा है बीमारियों का खतरा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड नंबर 6 अब्दुल कलाम नगर में जल निकासी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। नालियों की सफाई न होने से जलभराव और गंदगी की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इस भीषण गर्मी में मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।वार्ड के रोशन अली व अन्य लोगों का कहना है कि नालियों की सफाई महीनों से नहीं की गई है, जिसके कारण नालियां पूरी तरह से जाम हो चुकी हैं। नालियों में गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे भारी दुर्गंध उठ रही है।गंदगी और जलभराव की वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं, इस गंदगी से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।वार्ड के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत पीपीगंज में शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का गुस्सा इस बात को लेकर भी है कि नगर पंचायत द्वारा बनाई गई नालियां भी जल निकासी में नाकाम साबित हो रही हैं। वार्ड नंबर 6 के लोगों ने नगर पंचायत से तत्काल नालियों की सफाई करवाने और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

# रूपया नहीं देने पर मां को पीटा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के हासपाटी निवासी मारकण्डेय त्रिपाठी की पत्नी अंजनी त्रिपाठी ने पुलिस को बताया बेटा रवि रूपया के बात को मुझे मारा पीटा।मेरे नाम से टैक्टर को चलाता है।उससे मिला एक रुपए नही देता है।मुझे और मेरी बेटी जुही को खाना भी नहीं देता है।हमेशा जान से मारने की धमकी देता है।मां के तहरीर पर पुलिस ने बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शराबी खुलेआम पी रहे शराब, प्रशासन मौन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज वार्ड नंबर 1 में स्थित सरकारी शराब की दुकान के सामने दिन रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।सरकार के खुले में शराब पीने पर प्रतिबंध के बावजूद यहां शराबबाजी धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों की मानें तो हल्का सिपाही व आबकारी विभाग की मिलीभगत से ही यह सब संभव हो रहा है।पीपीगंज वार्ड नंबर 1 में स्थित सरकारी शराब की दुकान के आसपास हमेशा शराबियों का जमावड़ा रहता है। दुकान के सामने ही खुलेआम शराब पी जा रही है। सरकार ने खुले में शराब पीने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन इस सरकारी दुकान के आसपास इस आदेश का कोई पालन नहीं हो रहा है।इस अवैध गतिविधि से आसपास के लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि शराबियों के कारण यहां आए दिन हंगामा होता रहता है। महिलाओं और बच्चों को भी इस माहौल से गुजरना पड़ता है। यह देखना बाकी है कि इस मामले में क्या कार्रवाई होती है। क्या आबकारी विभाग इस अवैध गतिविधि पर रोक लगाएगा या फिर यह सब शह पर ही चलता रहेगा।

# डॉ सुनील कुमार मिश्रा का प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के पद पर हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। डॉ सुनील कुमार मिश्रा का प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के पद पर एमएमएमयूटी में हुए चयनित, तथा कल ही उन्हें नियुक्ति पत्र ईमेल से प्राप्त हुआ। डॉ सुनील कुमार मिश्रा पूर्व में गीडा में स्थित एक कम्पनी में वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क के पद पर थे और वर्तमान के मुख्य प्रबंधक प्रशासन के पद पर कार्यरत है। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने विधि विषय में पीएचडी किया है और एमबीए, एमएसडब्ल्यू, के साथ साथ पर्यावरण में भी कोर्स किया है। इसके साथ ही डॉ सुनील मिश्रा ने विकलांगता अधिकार अधिनियम २०१६, फैक्ट्री प्रशासन एवं सुरक्षा , प्रशासन विधि विभाग पर किताबे लिखी है और पैतीस से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए है।इसके साथ ही वर्ष 2019 में सार्क देशों की की कांफ्रेंस में बांग्लादेश के मानवाधिकार आयोग ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया था तथा 2019 में ही आईएनसी रिसर्च स्कॉलर संस्था द्वारा गोल्ड मेडल भी शोध के लिए दिया गया है। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने अपने चयन हेतु एमएमएमयूटी के वीसी प्रोफेसर जेपी सैनी जी के प्रति आभार जताया, इसके साथ ही रजिस्ट्रार प्रोफेसर जय प्रकाश एवं डीन केमिकल विट्ठल जी के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

# विवाहिता के पिता ने पति, सास - ससुर सहित पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कालेसर निवासी विवाहिता के पिता जोखन यादव ने हरपुर-बुदहट थाना में तहरीर देकर लड़की के पति रुपकुमार, पिता दीनानाथ, सास गिरिजा देवी, और ननद दीपिका व दीपशिखा के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट तथा दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कालेसर निवासी विवाहिता के पिता जोखन यादव ने हरपुर-बुदहट थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमने अपने लड़की की शादी 28 नवम्बर 2023 को हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई टिकर निवासी दीनानाथ यादव के पुत्र रुप कुमार के साथ सामर्थ्य के अनुसार दहेज सहित गृहस्थी के सामान देकर किया था, लेकिन तभी से कम दहेज मिलने की बात को लेकर पति सहित परिवार के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए हमारी लड़की रजनी को हमेशा प्रताड़ित करते थे। दूसरी बार 28 जून 2024 को जब हमने अपनी लड़की को इनके घर कटाई टिकर भेजा तो 21 जुलाई को लड़की के पति रुपकुमार, पिता दीनानाथ, माता गिरिजा देवी और बहन दीपिका और दीपशिखा मिल कर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मार-पीट कर घर से निकाल दिए। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि विवाहिता के पिता जोखन की तहरीर पर पति, सास ससुर सहित पांच के खिलाफ बी एन एस की धारा 115 ( 2), 352, 351( 3 ), 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दहेज में ब्रेजा कार न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला,केस दर्ज

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र डोमहर निवासी युवक ने शादीशुदा होने के बाद धोखे से युवती से शादी किया।उसके बाद दहेज में ब्रेजा कार नहीं मिलने पर विवाहिता को प्रताड्ति करने लगा।मां के तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है।क्षेत्र के लुचुई वार्ड नं सात निवासी रविंद सिंह की पत्नी सुनीता सिंह ने दिए तहरीर में पुलिस को बताया बेटी कंचन की शादी 27फरवरी को डोमहर निवासी अमित सिंह से किया।28को बेटी की विदाई हुई।शादी में जो दहेज की मांग थी उसे पूरा किया।उसके बाद ससुराल वाले ब्रेजा कार की मांग को लेकर बेटी को प्रताड्ति करने लगे।पति नशे की गोली खिलाकर बेटी से आप्राकृतिक दुष्कर्म करने लगा।बेटी के विरोध पर मारा पीटा।फिर बेटी को पति लेकर दिल्ली गया।तब पता चला आठ वर्ष पहले पति शादी कर चुका है।बेटी को ससुराल वाले गला दबाकर मारने की कोशिश भी कर चुके है।एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया मां के तहरीर पर पति अमित,पिता अरविंद,मां उर्मिला,ननद प्रीति सोना पर केस दर्ज किया गया है।

# फर्टिलाइजर के उपयोग से धमनियों मे जा रहा स्वीट पॉइजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। हथगाम विकास खंड के जसराजपुर में मंगलवार को डा.भीमराव अंबेडकर पार्क मे एक दिवसीय कृषि मेला का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया।जैविक खेती के लिए नमामि गंगे योजना से जुड़े किसानो को जानकारी दी गई।नमामि गंगे के योजना प्रभारी रवि कुमार पुंडिर ने कहा आज खेती के लिए पुरानी पद्धति को अपनाने की जरूरत है।रसायनो के उपयोग से कैंसर जैसी घातक बिमारियाँ घर कर रही है जैविक खेती से हम स्वस्थ्य रहेगें।अपनी बीमारू मृदा को स्वस्थ्य बनाना होगा।गौधारित प्राकृतिक कृषक रमाकांत तिवारी ने ग्लू ट्रैप से फसलो में बिना लागत कीट नियंत्रण के उपाय बताये।जीवामृत,बीजामृत बनाने की विधि व उपयोग बताये।प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक वीरेंद्र यादव ने कहा जैविक खेती से तैयार उत्पाद को अच्छा दाम मिल रहा है।इससे किसान लाभ कमा सकता है।संचालन कर रहे आलोक गौड़ ने कहा अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग से धीमा जहर हमारी धमनियों मे जा रहा है।हमे बीज से बाजार तक प्राकृतिक रूप से खेती को अपनाना होगा।इस मौके पर नोडल अधिकारी विनय कुमार,कलस्तर प्रभारी कामता प्रसाद,ग्राम प्रधान हरिओम कुबेर सिंह,अमित श्रीवास्तव,ऋतुराज,रामविशाल पाल,श्याम सिंह यादव,रमेश पटेल,अनुपम चौहान,बृजेश यादव,राहुल सिंह,विकास सिंह,कमल यादव आदि रहे।

# सेवायोजन कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ रोजगार मेला

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद में जिला सेवायोजन अधिकारी हर्ष लालवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के संकल्प हर हाथ, हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय फतेहपुर द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में भिटौरा विकास खंड परिसर में प्लेसमेन्ट शिविर व करियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 55 प्रतिभागी अभ्यर्थियों की कॅरियर काउन्सिलिंग की गयी। रोजगार मेले में प्रतिभागी कंपनी जी.डी.एक्स.ग्रुप नोएडा द्वारा 21 योग्य अभ्यर्थियों की रू. 15000 प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। कार्यक्रम जिला सेवायोजन अधिकारी के दिशा-निर्देशन में शशॉक पान्डेय, प्रभारी रोजगार मेला, जिला सेवायोजन कार्यालय, फतेहपुर एवं जी.डी. एक्स ग्रुप के प्रतिनिधि रामकृष्ण सिंह के द्वारा सम्पन्न हुआ। जी.डी.एक्स ग्रुप द्वारा आगामी दिनों में जनपद अन्य विकास खंडो प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसका विवरण निम्नलिखित है।

विकास खंड हसवा के परिसर में 24 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड बहुआ के परिसर में 25 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक।विकास खंड असोथर के परिसर में 26 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड मलवा के परिसर में 27 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड खजुहा के परिसर में 29 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड अमौली के परिसर में 30 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड देवमई के परिसर में 31 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक।विकास खंड हथगाम के परिसर में 01 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक, विकास खंड विजयीपुर के परिसर में 02 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड ऐराया के परिसर में 03 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक। विकास खंड धाता के परिसर में 05 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक।

# जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनी जनसमस्याएं



अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में मंगलवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतो का निस्तारण किया जायेगा। जनता दर्शन के दौरान कुल 47 शिकायतकर्ताओं से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाय ।

# जनपद में हुआ उर्वरक दुकान पर औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में सूचना के आधार पर कृषि विभाग द्वारा उर्वरक की दूकान पर डाला आकस्मिक छापा।यह जानकारी देते हुए नरोत्तम कुमार, जिला कृषि अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम थरियांव विकास खण्ड हसवा स्थित राजकुमार पुत्र बनवारी लाल के उर्वरक दुकान / गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इफको की 65 खुली बोरियाँ जो नकली / मिलावटी प्रतीत हो रही है, आईपीएल डी० ए० पी० की 700 बोरी, जिप्सम की 45 बोरी, किसान बेन्टोनाइट सल्फर की 02 बोरी, जिंक 25 पैकेट, भारत एन० पी0 के0 20-20-00-13 की 200 बोरी तथा खैतान एस० एस० पी० की 20 बोरी बरामद हुई जिसका सम्बन्धित के पास कोई अभिलेख नहीं पाया गया। मौके पर संदिग्ध उर्वरकों के नमूने ग्रहीत कर विश्लेषण के लिए भेजे जा रहे हैं व सम्बन्धित के विरुद्ध एफ० आई० आर० दर्ज कराने की कार्यवाही भी की जा रही है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में जनपद के कृषकों को नकली / मिलावटी खाद वितरित नहीं की जानी चाहिए, प्रत्येक दशा में किसान भाइयों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक प्राप्त कराये जाने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। महोदया के द्वारा जनपद के उर्वरक, बीज एवं कृषि रक्षा रसायन के निरीक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया कि किसी प्रकार के खाद, बीज एवं कृषि रक्षा रसायन की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिये। अधिकारीगण नियमित रूप से सघन निरीक्षण करें किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही की जानी चाहिये।

# सोनभद्र में सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

- सामान लेकर घर लौटने के दौरान हुआ हादसा, ट्रक की चपेट में आने से गई जान

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र , सोनभद्र के शाहगंज थाना क्षेत्र में राबर्ट्सगंज घोरावल मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार राजगीर मिस्त्री की मौत हो गई। बारसोत गांव निवासी राकेश कुमार (41) पुत्र राम प्रताप राजगीर मिस्त्री का काम करता था। दोपहर बाद में वह शाहगंज बाजार आया था और घर का सामान लेकर वापस अपने घर जा रहा था तभी वह भुड़कुड़ा रोड स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेकर जा रही ट्रक के चपेट में आ गया। ट्रक का पिछला टायर उसके ऊपर चढ़ गया जिससे कुचलकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। सूचना पार मौके पर पहुंची शाहगंज पुलिस ने गैस सिलेंडर वाली ट्रक को कब्जे में और चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक राकेश को तीन लड़की ओर एक लड़का है। शाहगंज पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। एस एच ओ शाहगंज वन्दना सिंह ने बताया कि सिलेंडर लदी ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है

# गंग नहर में नहाते हुए दो भाई डूबे

## एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी; गोताखोर कर रहे तलाश

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, बुलंदशहर की खुर्जा स्थित मुंडाखेड़ा गांव की गंग नहर में दो सगे भाई बीच पानी में जाकर गहराई के चलते अचानक डूब गए। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक शब्द बराबर कर लिया लेकिन 5 घंटे के बाद भी दूसरे लापता हुए भाई के शव को बरामद नहीं किया जा सका है। शव मिलने से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। पीएसी प्लाटून को मौके पर भेजा गया है। खुर्जा के जेवर अड्डा निवासी दो भाई गर्मी के चलते मुंडाखेड़ा स्थित गंग नहर में नहाने गए थे। गंग नहर में नहाते वक्त अचानक बीच गहराई में दोनों भाई डूब गए और ज्यादा पानी होने की वजह से गहरे पानी में डूब गए। हादसे को की खबर मिलने के बाद दिनेश उर्फ संजय और बॉबी के परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद संजय के शव को किसी प्रकार बाहर निकाल लिया। लेकिन बॉबी पुत्र बाबू की तलाश जा रही है। 5 घंटे बाद भी उसका शव नहीं मिल सका था। हादसे की सूचना पर खुर्जा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा पीएसी प्लाटून को भी मौके पर तैनात कर दिया है। अमृत संजय की उम्र 45 साल तथा बॉबी की उम्र 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। दोनो युवकों के परिजन मौके पर आ गए। परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

# मेरठ में नगर पंचायत अध्यक्ष के घर पर फायरिंग

- बुलेट बाइक से आए थे हमलावर, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , मेरठ में बुलेट सवार दो बदमाशों ने करनावल नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह के आवास पर फायरिंग की। घटना को लेकर आज शनिवार को थाने में तहरीर दी गई। फायरिंग के बाद से पीड़ित परिवार में दहशत में है।

सरूरपुर में देर रात फायरिंग करने के बाद दो बदमाश जूनियर हाई स्कूल की ओर तेजी के साथ फरार हो गए। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार गौड का कहना है कि बुलेट सवारों तलाश की जा रही है।

करनावल नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने बताया कि फायरिंग अज्ञात बदमाशों ने की है। फायरिंग करने के पीछे की वजह अभी तक नहीं पता चली है। उनका कहना है कि परिवार बहुत दहशत में है। वहीं मोहल्ले में भी दहशत कायम हो गई।

## भारत उद्योग व्यापार मण्डल ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।बीते शुक्रवार दोपहर कस्बे के पावर हाउस में आकाशीय बिजली गिरने से कस्बे सहित क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है और लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं ऐसे में व्यापार संगठन ने बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बताते चलें कि बीते शुक्रवार दोपहर कस्बे के पावर हाउस में लगे ट्रांसफार्मर में आकाशीय बिजली गिरने से कस्बे सहित क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है और जहां लोगों के कारोबार चौपट पड़े हैं तो वहीं इस उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है ।इसी मांग को लेकर मंगलवार को भारत उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरीद अहमद एक प्रतिनिधि मंडल के साथ कस्बे के उपखंड कार्यालय पहुंचे और जल्द ही बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की, साथ ही जल्द व्यवस्था बहाल नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी जारी की है।

# मांगे पूरी नही होने तक अनवरत चलेगा आंदोलन : हाकम पाल

## शिक्षामित्र एसोसिएशन ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मड़ावरा, ललितपुर। आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष महरौनी हाकम पाल के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में लगभग एक लाख अड़तालीस हजार शिक्षामित्र 23 वर्षों से निरंतर निष्ठा पूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे हैं।25 जुलाई 2017 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के उपरांत शिक्षामित्रों के समक्ष उनके परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। इन्ही परिस्थितियों के चलते लगभग उत्तरप्रदेश के 8000 शिक्षामित्रों की आकस्मिक मृत्यु हो चुकी है। बताया कि लगभग 8 वर्षों से हम निरंतर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि इस सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के हित में अति शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्रों की मांग अध्यादेश के माध्यम से शिक्षामित्रों को पुनः सहायक अध्यापक पद पर पदस्थापित किया जाए। उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने तक समान कार्य का 12 माह का समान वेतन व समान सुविधाएं प्रदान की जाएं। महिला शिक्षामित्रों को उनकी ससुराल के जनपद के विद्यालयों में स्थानांतरण पाने का अवसर प्रदान किया जाए। जिले के अंतर्गत शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालय/निकटतम विद्यालय में वापस होने का अवसर प्रदान किया जाए तथा मृतक शिक्षामित्र के परिवार को यथोचित नौकरी/आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए। चिकित्सीय, अवकाश, कैशलेस चिकित्सा की सुविधा/आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की जाए।महिला शिक्षामित्र को सीसीएल की सुविधा के साथ अध्यापिकाओं के समान अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए। आकस्मिक अवकाश 11 के स्थान पर 14 दिए जाएं और अर्ध आकस्मिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाय एवं अध्यापकों के समान अवकाश प्रदान की जाए। सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष कर बढ़ापे की गुजारे हेतु पेंशन भत्ता दिये जाने की मांग उठायी गयी। इस दौरान भानसिंह सेंगर,महेन्द्र कुमार दीक्षित,अशोक परिहार,अखिलेश वर्मा,भागीरथ,राजकुमार पटेरिया,शरद कान्त खरे,अरविन्द्र तिवारी, जयपाल, फूलसिंह, राजेन्द्र तिवारी, बालकिशन, शहीद खान, देशराजसिंह,मनीराम,हरिसिंह,लखनलाल, जगदीश तिवारी,रजनी लखेरा, चन्द्रप्रभा,दीप्ति,शिला,सविता,जमना प्रसाद,बिटन लाल आदि उपस्थित रहे।

## अनुसुइया आश्रम में फलदार पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षित करने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के अनुसुइया आश्रम में पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधा लगाने के बाद इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।समिति की महिला अध्यक्ष राखी शिवहरे की पहल पर संजय शिवहरे ने कस्बे के तपोभूमि स्थित अनुसुइया आश्रम में अमरूद व बेलपत्र के पौधे रोपित किए।इस मौके पर शनि मंदिर के पुजारी प्रेमनारायण पांडेय, उषा गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्ता, सुनील शिवहरे, ममता शिवहरे, कृष्ण शिवहरे, कृष शिवहरे, हरीशराज चक्रवर्ती, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

## जिला स्काउट मास्टरों को प्रदेश स्तर पर किए गए सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

ललितपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन उत्तर प्रदेश की तीन दिवसीय कार्यशाला में जनपदों में किया जा रहे स्काउट और गाइड गतिविधियों की समीक्षा शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश एवं प्रादेशिक संस्था उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड द्वारा की गई ।प्रादेशिक मुख्य आयुक्त प्रभात कुमार पूर्व आइएएस व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के अनुमोदन पर शिक्षा निदेशक बेसिक द्वारा समस्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों को निशुल्क स्काउट गाइड शिक्षा प्रदान कर प्रत्येक वर्ग में एक-एक दल गठन किया गया है ।जिसके शिक्षक एवं शिक्षकाओं को जल्द स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ।इसमें उत्कृष्ट कार्य एवं दायित्व निर्वाहन हेतु प्रदेश स्तर पर संदीप पाठक जिला स्काउट मास्टर ललितपुर को प्रदेश स्तर पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्रा तथा आनंद सिंह रावत प्रदेश सचिव स्काउट ने सम्मानित किया।

## सड़क किनारे लगी सुरक्षा बैरी केटिंग जमीन कारोबारियों ने उखाड़ी

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर। ललितपुर जिला में जमीन खरीद फरोख्त का व्यापार जमीन कारोबारियों द्वारा चर्म पर चल रहा है जिससे जमीन के दाम बढ़ते जा रहे हैं कारिबारयों ने यहां तक की सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा राहगीरों की सुरक्षा हेतु वाहन दुर्घना से सुरक्षा हेतु जगह-जगह सड़कों की मोड पर लोहे की बैरिकेडिंग लगे जिससे मूड़ों को संकेत कर वाहन चालक अपने वाहन की गति स्थल रख सके और दुर्घटना होने से बच सके पर जमीन कारोबारी ने अपने निजी स्वार्थ हेतु ललितपुर जिला मुख्यालय समीप पनारी एवं रजवारा के मध्य चल रही प्लाटिंग में सड़क किनारे लगी बैरिकेटिंग को उखाड़ कर दुर्घटना अंजाम देने का नेता दिया जा रहा है वहीं सड़क पर चलने वाले हजारों वाहन चालकों को भारी मोड पर किसी अनहोनी घटना की चिंता सताने लगी है जो जिसमें विभाग बड़ी लापरवाही दिखाई दे रही है ललितपुर जनपद में हो रहे जमीन के कारोबार बढ़ता जा रहा है जमीन खरीद में बिना राजस्व विभाग एवम चकबंदी विभाग से बिना परमिशन लिए ही भवनों का निर्माण हो रहा है जिससे राजस्व विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा है।

# सैफई में शिक्षा मित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी को सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

### 7 सूत्रीय मांगपत्र को रखा सामने, समान कार्य–समान वेतन की मांग भी शामिल

अमन लेखनी समाचार/सुघर सिंह



सैफई (इटावा) ।सैफई में आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्रों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी सैफई नबाब वर्मा को सौंपा है। यह ज्ञापन आदर्श समायोजन शिक्षक शिक्षा मित्र वेल फेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष व प्रदेश संगठन मंत्री उदयवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में दिया गया। जानकारी देते हुए उदयवीर सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में लगभग 1 लाख 48 हजार शिक्षामित्र पिछले 23 वर्षों से निरन्तर निष्ठा पूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। 25 जुलाई 2017 को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के उपरांत शिक्षामित्र के समक्ष उनके परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। इन्हीं विकट परिस्थितियों के चलते प्रदेश में लगभग 8 हजार शिक्षा मित्रों की आकस्मिक मृत्यु भी हो चुकी है। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पिछले 7 वर्षों से शिक्षामित्र संघर्ष कर रहे हैं।

### शिक्षा मित्रों ने इन मांगों को रखा सामने

वहीं शिक्षा मित्रों का कहना है कि अध्यादेश के माध्यम से शिक्षा मित्र को पुनः सहायक अध्यापक के पद पर पद स्थापित, प्रक्रिया पूर्ण होने तक समान कार्य का समान वेतन व समान सुविधाएं, महिला शिक्षामित्र को उनके ससुराल के जनपद में विद्यालयों स्थानांतरण पाने का अवसर व सीएल की सुविधा, जिले के अंतर्गत शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालय व निकटतम विद्यालय में वापस होने का अवसर, मृतक शिक्षा मित्र के परिवार को यथोचित नौकरी और आर्थिक सहायता, कैश लेस चिकित्सा सुविधा व आयुष्मान कार्ड की सुविधा, 11आकस्मिक अवकाश के स्थान पर 14 अवकाश एवं अर्ध आकस्मिक अवकाश की सुविधा, सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर सुघर सिंह, सुशील तिवारी, पवन शाक्य, अम्बरीश यादव, अरुण यादव अजय कुमार, अरविंद सिंह, आदित्य, ब्रजेंद्र, दलवीर, कमलेश, सरिता, शर्मिला, राम चरन, रूबी, दिनेश, अनीता, छ्त्रपाल समेत एक सैकड़ा शिक्षा मित्र मौजूद थे।

# मानक के अनुरूप पूर्ण कराकर ही स्कूली वाहन से बच्चों को लाया जाए स्कूल : जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी।जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने मानक विहीन स्कूली वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस के साथ परिवहन विभाग को अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो स्कूल प्रबंधक अपने बसों का समय से फिटनेस नहीं करा रहे हैं उन स्कूल बसों के पंजीयन के निलंबन एवं निरस्त करने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया, सभी विद्यालयों में सड़क यातायात जागरूकता एवं यातायात व्यवस्था हेतु एक नोडल टीचर नामित किए जाने तथा वाहन में बालिका विद्यार्थी होने की दशा में ड्राइवर के अतिरिक्त परिचर के रूप में महिला टीचर/परिचर की उपस्थिति अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि स्कूली वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस परिवहन विभाग से एवं चरित्र सत्यापन का कार्य पुलिस विभाग से अनिवार्य रूप से विद्यालय प्रबंधन पूर्ण कराएं, निर्धारित क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं का परिवहन स्कूली वाहन में कदापि ना किया जाए ऐसा पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही की जाए, स्कूल प्रबंधन प्रत्येक बस का एक रूट चार्ट बनाएं जिसमें बच्चों को बैठाने एवं उतारने का स्थान नियत किया जाए जिसकी जानकारी प्रबंधक द्वारा अनिवार्य रूप से अभिभावक को उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उपस्थित पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया की स्कूल गेट के दोनों और सड़क पर रंबल स्ट्रिप व स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं जिससे कि विद्यालय से निकलने वाले छात्र-छात्राओं को तेज गति से आ रहे वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। बैठक के माध्यम से जिलाधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के अपने बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए किसी भी दशा में स्कूटी/बाइक ना प्रदान करें मोटर वाहन अधिनियम में ऐसा करने पर अभिभावक को जिम्मेदार मानते हुए दंडनीय अपराध माना गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूली वाहन में छात्रों के परिवहन संबंधी अभिभावक द्वारा शिकायत दर्ज किए जाने हेतु बताया कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमेठी के मोबाइल नंबर 8005441008 पर की जा सकती है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी शैलेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी तथा 25 मुख्य विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## एआरएम ने महोबा बस डिपो के चालक व परिचालक पर मुकदमा दर्ज कराया

### औचक निरीक्षण में यात्रियों के पास टिकट न मिलने पर हुई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। प्रवर्तन दल द्वारा सोमवार की रात इंगोहटा के पास हुई छापेमारी के बाद एआरएम ने महोबा डिपो के चालक व परिचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।बिना टिकट यात्रियों को लेकर महोबा से लखनऊ के लिए जा रही परिवहन निगम की बस को प्रवर्तन दल ने पकड़ा था। जिसमें 14 यात्रियों के बिना टिकट मिलने पर टीम ने परिचालक पर जुमार्ना किया तो वहीं एआरएम ने चालक एवं परिचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रवर्तन दल द्वारा महोबा डिपो की बस पर मौदहा सुमेरपुर के मध्य इंगोहटा में औचक निरीक्षण किया गया था। टीम ने मशीन और बैग को अपने कब्जे में लेते हुए जब यात्रियों से टिकट मांगा तो 14 यात्रियों के पास टिकट नहीं मिला जो परिचालक को पैसे दे चुके थे। प्रवर्तन दल ने बस को हमीरपुर डिपो में खड़ा कराकर टिकट मशीन सहित बैग को डिपो में जमा कराया है। टीम के सदस्य सहायक यातायात निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि महोबा डिपो की बस में 14 यात्री बिना टिकट मिले थे।ऐसे में 14 यात्रियों के किराए का दस गुना परिचालक से वसूला जाएगा। बस को डिपो में खड़ा करवाकर बैग और टिकट मशीन को डिपो में जमा कराया गया है।डिपो के एआरएम राम प्रताप साहू ने बताया कि महोबा डिपो के परिचालक लक्ष्मण दुबे व चालक कौशल किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी है।

# ओलंपियाड प्रतियोगिता में ग्लोबल स्कूल के छात्रों को मिले इंटरनेशनल पदक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल (आरआरएसजीएस) के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में सफलता का परचम लहराया है।विगत वर्ष अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड फेडरेशन द्वारा दुनिया के अनेक देशों में आयोजित सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में आरआरएसजीएस के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया था। साइंस ओलंपियाड फेडरेशन द्वारा जारी परिणामों में ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। परिणामों में विद्यालय के कक्षा तीन के छात्र आर्यन श्रीवास्तव तथा कक्षा चार के छात्र अभ्युदय कुमार ने अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त किया। आर्यन श्रीवास्तव को ?1000 का गिफ्ट वाउचर भी प्राप्त हुआ है।इसके अतिरिक्त विद्यालय के विद्यार्थियों भाव्या सिंह, शिवांश कुमार, आर्या सिंह, सोमांश सिंह, शाश्वत सिंह, सृष्टि, नमन कुमार, सानवी अग्रवाल, श्रेयांक अग्रवाल, मेधांश सिंह और सुधांशु तिवारी को भी बेहतरीन प्रदर्शन हेतु प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पदक, प्रमाणपत्र और गिफ्ट वाउचर प्रदान करके उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यधिक प्रसन्नता की बात है कि हमारे विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निकाली जाएगी मसाल जुलूस

### कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर के पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में आगामी 25 एवं 26 जुलाई को होने वाले आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया कारगिल विजय दिवस पूरे देश के लिए बहुत गर्व का दिन है लगभग 3 महीने तक चल भारत-पाक कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल में विजय प्राप्त की इस वर्ष हम कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं उसी को लेकर आज पीडब्लूडी सर्किट हाउस में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंडित नीतेश संज्ञा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की कार्यकारिणी सदस्य अनुभा सोलंकी प्रवासी एवम वक्ता के रूप में उपस्थित रही बैठक में आगामी 25 जुलाई एवं 26 जुलाई को होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नितेश संज्ञा ने बताया कि 25 जुलाई को शहर के तुवन मंदिर मैदान से मसाल जुलूस निकला जाएगा जो शहर के घंटाघर मैदान तक निकाला जायेगा उन्होंने बताया है कि यह मसाल जुलूस 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में निकाला जाएगा जो 25 जुलाई से 26 जुलाई तक जलती रहेगी साथ में उन्होंने बताया है कि 26 जुलाई 2024 को शहर के रामनगर स्थित बाबू कल्याण सिंह सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में शहीद हुए वीर जवानों को याद किया जाएगा साथ में उनकी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा बैठक में मसाल जुलूस प्रमुख , सहप्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख व प्रदर्शनी प्रमुख और सह प्रमुख को बनाया गया है बैठक में जिला अध्यक्ष नीतेश संज्ञा, जिला महामंत्री आशीष हुंडैत व अजीत सिंह,जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र बुंदेला, राम कुमार कुशवाहा, अरस्तू उपाध्याय,दीपक मिश्रा,गजेन्द्र राजपूत, जिला मंत्री राहुल राजपूत,विशाल रावत , पियूष बुंदेला, रानू कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी राहुल साहू खिरिया नगर अध्यक्ष वैभव गुप्ता, रामप्रताप बुंदेला, सत्यम साहू, हर्ष चौबे, आकाश ,रामेश्वर पाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक तरीके से मनाया जाएगा राजीव गांधी का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिला कांग्रेस कमेटी ने आज केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय गौरीगंज में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अमेठी को विश्व पटल पर पहचान दिलाने वाले अमेठी के जन जन में बसे राजीव गांधी जी का 20 अगस्त को 80 वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारी बैठक हुई ।बैठक में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी एवं कार्यक्रम आयोजकों के साथ बैठक कर वृहद चर्चा की एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र के छात्रों, किसानों नौजवानों, महिलाओं के साथ-साथ क्षेत्रीय पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन की रूप रेखा तैयार की गई। अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी न्याय पंचायत स्तर पर कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने निबंध प्रतियोगिता के समन्वयक अशोक तिवारी सहित कांग्रेस पदाधिकारी को सौंपी। बैठक में विजय पासी पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह,मीडिया कोडिनेटर डॉ अरविन्द चतुर्वेदी, डा देव मणि तिवारी ब्लाक अध्यक्ष,सुनील सिंह,वीरेन्द्र मिश्र, धर्म राज बहेलिया,सर्वेश कुमार सिंह,तुलसी राम पासी,सैय्यद हुसैन,अशोक कुमार तिवारी,कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष राम बरन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न समस्याओ को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी ।मंगलवार को स्थानीय कांग्रेसियों ने तहसील मुख्यालय पहुंच कर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा की अगुवाई मे तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओ को लेकर तहसीलदार राहुल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकताओं ने कि क्षेत्र के नहर में पानी न आने और विद्युत की आपूर्ति न होने के कारण जन जीवन बेहाल हो गया है और गरीब किसानों को खेती किसानी करने में बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है ।गर्मी व बरसात का मौसम होने के कारण बिजली के आपूर्ति न होने से आए दिन समस्या बनी रहती है ।वही क्षेत्र मे छुट्टा जानवरो कि उचित व्यवस्था कराई जाए जिससे गरीब किसान अपनी फसलों को बचा सके। इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी महेंद्र तिवारी कुलवंत सिंह पवन तिवारी राहुल गुप्ता जहीर अहमद धर्मेंद्र सिंह आशीष सिंह आशानंद ओझा शिवशंकर तिवारी सतीश सिंह सत्यम शुक्ला सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर समाप्त की जीवन लीला

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपसा में नव विवाहिता ने संदिन्ध परिस्थिति में फंदा लगा आत्महत्या कर ली। फांसी की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। वही कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। क्षेत्र के कपसा स्थित मदाइन पुरवा निवासी धीरज सिंह की गर्भवती पत्नी सरोज उम्र 23वर्ष ने घर में कमरे के अंदर फंदा आत्महत्या कर ली। मृतक सरोज के ससुर चंद्रपाल सिंह ने बताया कि मेरे तीन पुत्र व दो पुत्री है जिसमे दोनों पुत्रियों की शादी कर दी है, वही मेरे दो बेटे सूरत में रहते है जिसमें धीरज कानपुर में प्राइवेट कम्पनी में काम करता है और वही रहता है। धीरज की शादी दो वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के हरडोनी गाँव में बलराम सिंह की पुत्री के साथ हुआ था शादी बाद दोनों पति पत्नी कानपुर में ही रहने लगे हम कपसा में अपनी पत्नी के साथ अकेले रहते थे। बहू सरोज गर्भवती थीं, इस कारण धीरज ने दो माह पूर्व गाँव छोड़ गया था, जिस कारण बहू ने ऐसा कदम क्यों उठाया समझ में नहीं आ रहा है।कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमा कोरिन-चार्ल्स जेवियर को देना चाहती हैं श्रद्धांजलि!



**एंजिलिस।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन नजर आएंगे। हाल ही में रेयान रेनॉल्ड्स ने अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वुलवरिन' का एक नया टीजर और पोस्टर साझा किया था, जिसके बाद से इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है। एमा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 'मैंने उन दोनों का अभिनय फिर से देखा। मुझे ऐसा करने में पहले काफी झिझक महसूस हो रही थी क्योंकि मैं सोच रही थी, 'क्या मैं उस किरदार के उतना करीब जा पाऊंगी। क्या मैं अभी भी इसे अपना बना पाऊंगी' लेकिन मुझे यह वाकई दिलचस्प लगा कि उन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति को कैसे चित्रित किया जिसकी शक्ति उस टेलीपैथिक दुनिया में बहुत अलग है। मैं देखना चाहती थी कि क्या कोई ऐसा हिस्सा है जिसका मैं प्रयोग कर सकती हूं या उसे श्रद्धांजलि दे सकती हूं। प्रशंसकों को यह बहुत पसंद आएगा।' बता दें स्टीवर्ट ने 2000 की 'एक्स-मैन' में टेलीपैथी चार्ल्स "प्रोफेसर एक्स" जेवियर की भूमिका निभाई थी, इससे पहले मैकएवॉय ने 2011 की रीबूट 'एक्स-मेनः फर्स्ट क्लास' में एक युवा संस्करण निभाया था।

### टॉलीवुड

## रवि तेजा की 'मिस्टर बच्चन' में कैमियो करेगा सिद्धू जोनालागड्डा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा की नई फिल्म 'मिस्टर बच्चन' के सिनेमाघरों में दस्तक देने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। तेजा के प्रशंसक इसे देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है, क्योंकि फिल्म के ट्रेलर ने उनकी उत्सुकता को बढ़ा रखा है और जैसा कि आजकल बड़े अभिनेताओं की फिल्मों में कोई न कोई कैमियो देखने को मिलता है तो ऐसे में लगता है कि 'मिस्टर बच्चन' भी पीछे नहीं रहने वाली है। फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट आया है, जो कैमियो से ही जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'मिस्टर बच्चन' में सिद्धू जोनालागड्डा कैमियो करते हुए दिखाई देंगे। उनकी पिछली फिल्म 'टिल्लू स्क्वायर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, इसे लेकर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा का होना बाकी है, लेकिन खबर है कि सिद्धू के सीन की शूटिंग इसी हफ्ते में होगी। 'मिस्टर बच्चन' को लेकर पिछला अपडेट इसकी रिलीज की तारीख को लेकर आया था। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में उतारी जाएगी। निर्माताओं की ओर से इस तारीख का एलान बड़े ही खास अंदाज में किया गया था। पीपल मीडिया फैक्ट्री ने तारीख की घोषणा करते हुए लिखा था कि वक्त पे पहुंचने का अपना पुराना आदत है। 'मिस्टर बच्चन' 15 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'घर की मालकिन' का ट्रेलर रिलीज, जेठानी ने डाली फूट



**नई दिल्ली।** नई भोजपुरी फिल्म 'घर की मालकिन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें समाज की उस हकीकत को दिखाया गया है, जो छिपी होती हैं। ये फिल्म आपके दिलों को छू जाएगी। इसमें अंजना सिंह और शुभी शर्मा लीड रोल में हैं। इनके अलावा सितारों की फौज है। पढ़ें पूरी रिपोर्ट। भोजपुरी सिनेमा की 'टीआरपी क्वीन' अंजना सिंह और फेमस एक्ट्रेस शुभी शर्मा की महिला प्रधान फिल्म 'घर की मालकिन' का धांसू ट्रेलर आउट हो गया है। ट्रेलर वीफोरयू भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से जारी हुआ है, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। नीलाभ तिवारी फिल्म्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के साथ आईवीवाई एंटरटेनमेंट प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह व नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। फिल्म एक पारिवारिक और सामाजिक कहानी पर आधारित है, जिसमें अंजना सिंह और शुभी शर्मा हैं। ट्रेलर में उनकी दमदार अदाकारी और जबरदस्त स्क्रीन प्रजेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म के ट्रेलर की लेंथ 4 मिनट 11 सेकेण्ड है। ट्रेलर में दिखाए गए दृश्यों में पारिवारिक रिश्तों, संघर्षों और सामाजिक मुद्दों को बखूबी पेश किया गया है। फिल्म में अंजना सिंह और शुभी शर्मा के किरदारों को मजबूती और आत्मविश्वास के साथ दर्शाया गया है, जो दर्शकों को पूरी फिल्म देखने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## लाइफ स्टाइल

## सखियों के फंक्शन में बनें ग्रीन क्वीन



सावन का महीना शुरू हो चुका है। हिन्दू धर्म में सावन महीने का बहुत ही महत्व है। इस दौरान ज्यादातर महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। क्या आप भी हरे रंग के ऑउटफिट को पहनना चाहती हैं तो ट्रेंडी हरे रंग की साड़ी और कुर्ता सेट आजकल बहुत ट्रेंड में है। इनको आप सावन महीने के दौरान पड़ने वाले सावन सोमवारऔर हरियाली तीज या फिर ग्रीन थीम पर होने वाले सखियों के फंक्शन में भी पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं और ग्रीन क्वीन बन सकती हैं।

## क्या आप भी करना चाहती हैं कुछ यूनिक हेयरस्टाइल, तो यहां देखें कुछ बेहतरीन लुक्स

ऑफिस हो या कॉलेज, लड़कियां हर जगह के लिए अपने आउटफिट अलग रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि आपके आउटफिट आपके स्टाइल को दर्शाते हैं और उनके साथ बनाया गया हेयरस्टाइल भी आपके रूप को निखारता है। आउटफिट के हिसाब से किया गया हेयर स्टाइल आपके लुक को कंप्लीट करने में मदद करता है। अक्सर लड़कियों को यह नहीं पता होता कि उनके कपड़े पर कौन सा हेयरस्टाइल सूट करेगा, जिस वजह से वो कैसे भी बाल बनाकर चली जाती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ सिंपल हेयरस्टाइल के बारे में बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने कॉलेज या ऑफिस लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।



### फ्रंट हेयर ब्रेड स्टाइल

फ्रंट हेयर ब्रेड हेयरस्टाइल बेहद खूबसूरत दिखता है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। आपको बस एक कंघी, एक बॉबी पिन और एक हेयर बैंड की जरूरत पड़ेगी। हेयरस्टाइल बनाने के लिए सबसे पहले बालों में कंघी करें। फिर साइड से चोटी हटाकर एक चोटी बना लें या बाल खुले भी रख सकते हैं। फिर इसे पिन की मदद से पीछे से जोड़ दें। इसके बाद अपने बालों में हेयर स्प्रे कर लें इससे आपके बाल बिलकुल सेट रहेंगे।

### बन हेयर स्टाइल

यह हेयरस्टाइल ज्यादातर महिलाओं की पहली पसंद है। अगर आप अपने सलवार सूट को मॉडर्न टच देना चाहती हैं तो इस हेयरस्टाइल को बनाएं। आपको अपने बालों में बन के मदद से जूड़ा बांधना है। बाद में बालों में हेयर स्प्रे कर लें।



### ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल

अगर आप अपने बालों को खुला रखना चाहती हैं तो कुछ ही मिनटों में इस तरह का हेयरस्टाइल कर सकती हैं। ऐसा करने के लिए केवल आपको बालों की एक लेयर की ट्विस्टिंग करनी होगी और उसे पिन-अप करना होगा। बचे हुए बालों की लेंथ को आप कर्ल कर लें।

## बांधनी का ट्रेंड है हिट एंड फिट, इससे आप भी निखारें अपना फैशन सेंस

फैशन



बांधनी पहनावा हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है, चाहे इसे त्यौहारों के मौसम में पहना जाए या फिर शादी के खास अवसर पर। बांधनी ट्रेडिशनल हैंडीक्राफ्ट टेक्निक है जिसमें कपड़ों को अलग-अलग तरीकों से बांधकर और फिर रंगों में डुबोकर कई तरह के पैटर्न्स और डिज़ाइन्स तैयार किए जाते हैं। यह एक ऐसा ट्रेंड है जो हर उम्र के लोगों पर अच्छा लगता है। इन दिनों बांधनी साड़ी और कुर्तों से लेकर फ्यूज़न सेट्स और ड्रेसेज़ तक इस ट्रेंड को अपने फैशन का हिस्सा बनाया जा रहा है।

**रंग का महत्व :** बांधनी में आमतौर पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है, जैसे- पीला, लाल, नीला, हरा और काला। हर रंग का अपना-अपना महत्व होता है। उदाहरण के लिए जैसे लाल दुल्हन के लिए सौभाग्य का प्रतीक है और पीला वसंत के समय और खुशी का प्रतीक है।

**कस्टम मेड वाइब्रेंट लहंगा :** अपनी शादी के लिए दुल्हन इस तरह कस्टम मेड वाइब्रेंट बांधनी लहंगा ट्राई कर सकती हैं। इस प्रिंट में रंगों का खास रोल होता है। इस पिंक लहंगे के साथ ऑरेंज कलर का ब्लाउज इसकी खूबसूरती को निखारने का काम कर रहा था। इस तरह के हैवी वर्क लहंगे के साथ दुपट्टे को खूबसूरती से स्टाइल कर दुल्हन अपने लुक को रॉयल बनाने का काम कर सकती है।

**ऑलोवर बांधनी प्रिंट सूट :** अगर आप भी अपने वॉर्डरोब में बंधनी शामिल करना चाहती हैं तो ऑलोवर प्रिंट वाला पलाज़ो सूट पहन सकती हैं। इसे मेहंदी से लेकर पूजा तक कई मौकों पर पहना जा सकता है, जो आपको शानदार फेस्टिव लुक देंगे।

**वेस्टर्न आउटफिट्स का भी है चलन :** अब सिर्फ साड़ी और सूट में नहीं बांधनी अब वेस्टर्न आउटफिट्स में भी काफी पॉपुलर हो रहा है। आप चाहें तो इस तरह की जंपसूट भी अपने वार्डरॉब में शामिल कर सकती हैं। मार्केट में बांधनी प्रिंट के श्रग भी आसानी से मिल जाते हैं जिसे प्लेन टॉप के साथ कैरी किया जा सकता है।

**पारंपरिक बांधनी साड़ी :** शादी-फेस्टिवल में आज भी ट्रेडिशनल प्रिंट वाली साड़ियों का ट्रेंड हिट एंड फिट है। अगर आप किसी शादी में अपने ट्रेडिशनल लुक से वाहवाही लूटना चाहती हैं तो पारंपरिक बांधनी साड़ी से बढ़कर कुछ नहीं है। सीधे पल्ले में इस साड़ी का ग्रेस और ज्यादा बढ़ जाता है। साड़ी पर बांधनी वर्क गुजराती कल्चर को बखूबी दर्शाता है। इसके साथ गहने और हेयरस्टाइल का भी खास ख्याल रखें, तभी आपकी खूबसूरती पूरी तरह से निखर कर आएगी।

**बांधनी दुपट्टे हैं पहली पसंद :** बांधनी दुपट्टे की तो बात ही निराली है। लड़कियां प्लेन सूट के साथ इस तरह के दुपट्टे कैरी करना बहुत पसंद करती हैं जिसे जयपुरी दुपट्टे भी कहा जाता है।

## हर ड्रेस और हर उम्र की महिलाओं पर खूब जंचते हैं आर्टिफिशियल नेकलेस और पेंडेंट

हल्के और आकर्षक चेन और पेंडेंट ने भारी गहनों के चलन को पीछे छोड़ दिया है। नए डिजाइन वाले पेंडेंट किसी भी ड्रेस के साथ और किसी भी उम्र की महिलाएं पहन सकती हैं। आजकल फैशन में कई तरह के नेकलेस और पेंडेंट मौजूद हैं। ये अलग-अलग आउटफिट के लिए अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध हैं। इन हल्के पेंडेंट को आप अपनी पसंद के कपड़ों के साथ पहनकर खूबसूरत दिख सकती हैं। खास बात यह है कि इन नेकलेस और पेंडेंट को हर उम्र की महिलाएं, चाहे वे गृहिणी हों, प्रोफेशनल हों या कॉलेज स्टूडेंट, अपनी इच्छानुसार पहन सकती हैं। ये अन्य गहनों की तुलना में बहुत हल्के होते हैं, इसलिए आप इन्हें सूट, साड़ी, लहंगा और डेनिम टॉप जैसे हर तरह के कपड़े के साथ पहन सकती हैं।



### रॉयल व ट्रेंडी लुक के लिए पर्ल ज्वेलरी

पर्ल ज्वेलरी का फैशन भी काफी सालों से चला आ रहा है। यह आपको रॉयल और ट्रेंडी लुक देता है। अक्सर बाजार में आपको पर्ल ज्वेलरी के कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। त्योहारों के दौरान आप ट्रेडिशनल रानी हार, जोधा हार के साथ लहंगा पहन सकते हैं। साड़ी और हैवी सूट के साथ चोकर हार पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। पर्ल ज्वेलरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे आप ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ कैरी सकते हैं, जो देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### चांद बालियां ईयररिंग

अगर आप हैवी ज्वेलरी नहीं पहनना चाहती हैं तो चांद बालियां ईयररिंग पहन सकती हैं। चांद बालियां इयररिंग्स का फैशन काफी समय से चला आ रहा है। बीते कुछ साल में इसमें कई नए प्रयोग और ट्रेंड देखने को मिले हैं। इस साल भी चांद ईयररिंग्स के लेटेस्ट डिजाइन पूरी तरह से ट्रेंड में हैं। इस बार, चांद की बालियों में और भी अधिक डिजाइनर लुक हैं।

## पार्टी या फंक्शन के लिए खुद दें अपने नाखूनों को डिजाइन, नहीं पड़ेगी पार्लर जाने की जरूरत

ऐसी कई चीजें हैं जो ओवरऑल लुक को परफेक्ट बनाने में मदद करती हैं इन्हीं में से एक हैं आपके नाखून, जिनकी खूबसूरती आपके कपड़ों, मेकअप और हेयरस्टाइल में चार चांद लगाती है। इन नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए मैनीक्योर और पेडीक्योर जैसे ट्रीटमेंट लेने पड़ते हैं, लेकिन आजकल नेल आर्ट काफी चलन में है जो हमारे आउटफिट को कम्प्लीट करने के साथ-साथ उसे एक यूनिक टच भी दे सकता है।

**लेपर्ड प्रिंट नेल आर्ट :** अगर आपको लेपर्ड प्रिंट के आउटफिट्स पसंद हैं तो लेपर्ड प्रिंट नेल आर्ट करवा सकते हैं, जो कि आपको काफी पसंद आएगा। बस अपने नेल्स पर ब्लैक नेल पॉलिश



से आड़े-टेढ़े डिजाइन बनाएं और लेपर्ड प्रिंट का नेल आर्ट तैयार हो जाएगा।

**डबल शेड नेल आर्ट :** इन दिनों डबल शेड नेल आर्ट काफी पसंद किया जा रहा है। ऐसे में आप अगर किसी पार्टी में जाने वाले हैं तो वाईट और रेड का थीम रख के डबल शेड नेल आर्ट बना सकते हैं। इसे करने के लिए नाखूनों के दो कलर में सैड बनाया जाता है। आप अपनी पसंद के अनुसार के पेंट का कलर भी चूज कर सकते हैं।

**स्टोन वर्क नेल आर्ट :** पार्टी के लिए स्टोन नेल आर्ट परफेक्ट ऑप्शन है। यह नेल आर्ट हर आउटफिट के साथ मैच करेगा। इस नेल आर्ट को बनाने के लिए आपको पहले नेल पेंट अप्लाई करना होगा। उसके बाद आप नेल्स के ऊपर स्टोन या मोती लगाकर इस आर्ट को क्रिएट कर सकते हैं।

**ग्लिटर नेल आर्ट :** अगर शादी में जाने के लिए आप ये नेल आर्ट करा रहीं है तो ग्लिटर नेल आर्ट बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ये नेल आर्ट बनने के बाद बहुत खूबसूरत लगती है। ये आपकी खूबसूरती में चार चाँद लगा देगा।

आप इस तरह की डिजाइन के लिए नेल स्टीकर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

## महिलाओं व युवतियों को सजना-संवरना काफी अच्छा लगता है

सावन के महीने में हरे कपड़े पहनना बहुत शुभ माना जाता है। इसका कारण है कि मानसून आने के बाद पूरी प्रकृति हरी-भरी हो जाती है। हर प्राणी में एक उमंग रहती है और वह सावन के मौसम को दिलखुश अंदाज में जीना चाहता है। सावन का महीना युवतियों और महिलाओं के लिए सबसे खास कहलाता है। सावन महीने से त्यौहारों की शुरूआत भी हो जाती है। इस समय महिलाओं व युवतियों को सजना-संवरना काफी अच्छा लगता है। ऐसे में महिलाएं हरी साड़ी के लेटेस्ट डिजाइन की खरीदारी करती हैं। हरी साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइन ऐसे हैं जिन्हें पहनकर आप किसी अप्सरा से कम नहीं लगेंगी।

## सावन में ट्राई करें चुनिंदा डिजाइन वाली हरे रंग की साड़ियां, दिखेंगी सबसे सुंदर, अप्सरा जैसा आएगा लुक



### बांधनी साड़ी करें ट्राई

अगर आपको हल्के मटेरियल में साड़ी पहनना अच्छा लगता है, तो आप इस सावन बांधनी साड़ी ट्राई कर सकते हैं। जो आपको पूरा राजस्थानी लुक देगी। इस साड़ी के साथ आप अगर ट्रेडिशनल ज्वेलरी को स्टाइल करेंगी, तो आप और ज्यादा खूबसूरत लगेंगी। यह साड़ी देखने में जितनी खूबसूरत लगती है, पहनने में भी इतनी कंफर्टेबल और हल्की रहती है। इस प्रकार की साड़ी की कीमत 350 से शुरू होती है।

### नई दुल्हनें पहनें बनारसी साड़ी

वहीं, अगर किसी नई नवेली दुल्हन कोई सावन हरी साड़ी पहनी है, तो वह बनारसी साड़ी ट्राई कर सकती है। जो देखने में रॉयल और एलिगेंट लुक देगा। बनारसी साड़ियों के साथ सीक्वेंस से लेकर कॉटन तक के ब्लाउज बढ़िया लगेंगे। अगर आपको बनारसी साड़ियों की खरीदारी करनी है, तो यह आपको 3000 से लेकर 5000 तक में अच्छी साड़ी मिल जाएगी।

### ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ियां

इस साल आप सावन में ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ियां भी ट्राई कर सकती हैं। इस प्रकार की साड़ी काफी ट्रेंड में चल रही है, इसीलिए ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ी कोई बॉलीवुड हसीनाएं भी पहनते हुए नजर आ चुकी हैं। वहीं इस प्रकार की साड़ी यंग गर्ल्स पर भी खूब अच्छी लगेंगी। ऐसी साड़ियों की कीमत 1200 से शुरू है।



### रफल स्टाइल साड़ियां कमाल की

सावन मानसून के मौसम में पड़ता है, जहां चिपचिपी वाली गर्मी पड़ती है। इस वजह से जो घरेलू महिलाएं हैं उनके लिए रफल स्टाइल की ये साड़ियां बेहतरीन चॉइस हैं। स्टाइलिश लुक वाली ये साड़ी दिखने में तो कमाल की हैं ही इन्हें पहनना भी बहुत आसान होता है। व आपको इस प्रकार की साड़ी की कीमत 1000 रुपए से शुरू है।

### हैवी लुक वाली ब्रासो ग्रीन साड़ी

अगर आप सिंपल में हैवी लुक वाली साड़ी ट्राई करना चाहती हैं, तो इस साल सावन में ब्रासो ग्रीन साड़ी आपके लिए अच्छा ऑप्शन होगा। ये साड़ी दिखने में काफी खूबसूरत होती है। इसमें होने वाला गोटा वर्क इसको हैवी लुक देता है। इस साड़ी की सबसे खास बातें है कि आप इसे किसी भी फंक्शन में पहन सकती हैं। साड़ी में कई तरह के डिजाइन आपको मिल जाएंगी।